सत्क्रियासार- दीपिका

एवं

संस्कार-दीपिका

श्रील गोपालभट्ट गोस्वामीपाद कृता

श्रीगौड़ीय वेदान्त समिति (रजि.)

श्रीकेशवजी गौड़ीय मठ

मथुरा

श्रीश्रीगुरुगौरांगौ जयतः

सत्क्रियासार-दीपिका

एवं

संस्कार-दीपिका

(श्रीकृष्णचैतन्यसम्प्रदायानुमोदिता वैष्णव-दशसंस्कारपद्धतिः)

श्रीगौरपार्षदप्रवरेण

श्रीमद्गोपालभट्टगोस्वामिना

कृता

जगद्गुरु ॐ विष्णुपादाष्टोत्तरशतश्री-

श्रीमद्भक्तिसिद्धान्त-सरस्वती-गोस्वामि-प्रभुपादानुकम्पित-

प्रियपार्षदप्रवर-"श्रीगौड़ीय-वेदान्त-समितेः" प्रतिष्ठाता-

नित्यलीलाप्रविष्ट-ॐ विष्णुपाद-अष्टोत्तरशत श्री-

श्रीमद्भक्तिप्रज्ञान-केशव-गोस्वामि-महाराजानुग्रहीत-

त्रिदण्डिस्वामिना

श्रीमद्भक्तिवेदान्त-नारायण-महाराज-

अनुदिता-सम्पादिता च

[सेवानुकूल्यम्—

प्रकाशक—

श्रीमान् नवीनकृष्ण ब्रह्मचारी 'विद्यालंकार'
श्रीकेशवजी गौड़ीय मठ, मथुरा ।

प्रथम संस्करण—

श्रीगोपाल भट्ट गोस्वामीकी तिरोभाव तिथि
सोमवार, ६ श्रावण, कृष्णपक्ष, सम्वत् २०५२, गौराब्द ५०९

प्राप्तिस्थान—

(१) श्रीकेशवजी गौड़ीय मठ, मथुरा (उ० प्र०) दूरभाष : ४०६४५३
(२) श्रीदेवानन्द गौड़ीय मठ, नवद्वीप, नदीया (प० बं०)
(३) श्रीउद्धारण गौड़ीय मठ, चुँचुड़ा, हुगली (प० बं०)
(४) श्रीरूप-सनातन गौड़ीय मठ, वृन्दावन, मथुरा (उ०प्र०)
(५) श्रीविनोदबिहारी गौड़ीय मठ, २८ हलधर बागान लेन कलकत्ता-४
(६) श्रीनीलाचल गौड़ीय मठ, स्वर्गद्वार, पुरी (उड़ीसा)
(७) श्रीकेशवगोस्वामी गौड़ीय मठ, शिलिगुड़ी, दार्जिलिंग (प० बं०)
(८) श्रीमेघालय गौड़ीय मठ, तुरा, वेस्ट गारो हिल्स (मेघालय)
(९) श्रीगोलोक गंज गौड़ीय मठ, गोलोक गंज, ग्वालपाड़ा, (आसाम)
(१०) श्रीभक्तिवेदान्त गौड़ीय मठ, संन्यास रोड, कनखल, हरिद्वार (उ० प्र०)
(११) श्रीश्यामसुन्दर गौड़ीय मठ, मिलनपल्ली, शिलिगुड़ी, (दार्जिलिंग)
(१२) श्रीवासुदेव गौड़ीय मठ, पो० वासुगाँव, (कोकड़ाझार) (आसाम)

भूमिका

श्रीचैतन्यमहाप्रभुके आदेशानुसार श्रीलसनातन गोस्वामीने 'श्रीहरिभक्तिविलास'-नामक एक वैष्णव स्मृति-ग्रन्थका संकलन किया । वर्तमान 'श्रीहरिभक्तिविलास'-ग्रन्थ श्रीगोपालभट्टगोस्वामी प्रभुके द्वारा सम्पादित है । श्रीगोपालभट्ट गोस्वामीने 'सत्क्रियासार-दीपिका' नामक दशसंस्कार-पद्धति और 'संस्कार-दीपिका' नामक 'वेषाश्रय-पद्धति'-ग्रन्थकी भी रचना की है ।

अवैष्णव-स्मृति लेखक बन्द्यघाटीवाले रघुनन्दनभट्टाचार्य महाशयने 'श्रीहरिभक्तिविलास'-ग्रन्थकी रचनाके प्रायः अर्द्धशताब्दी पश्चात् 'अष्टाविंशति-तत्त्व'-नामक एक स्मृति-प्रबन्धकी रचना की है । उससे पूर्व भी बंगालमें 'भवदेव-पद्धति' और 'सत्क्रियासार-दीपिका'—इन दो संस्कार-विधियोंका प्रचलन देखा जाता है ।

स्मार्त्त भट्टाचार्यके संस्कार-तत्त्वनिबन्धका किसी भी दिन व्यावहारिक जगतमें प्रचलन नहीं था । स्मार्त्त विचारके प्राबल्यसे 'सत्क्रियासार-दीपिका' का भी प्रचुर प्रचलन नहीं था । कमलाकरभट्ट-रचित अवैष्णव-विचारयुक्त 'निर्णय-सिन्धु' आदि ग्रन्थके पूर्व' श्रीकृष्णदेवाचार्यके 'नृसिंहपरिचर्या' और श्रीकेशवभट्टके 'स्मृति-निबन्ध'-ग्रन्थका प्रचार था, ऐसा माना जाता है।

जैसे स्मार्त्त भट्टाचार्यके द्वारा रचित मिश्रित अवैष्णव-स्मृति तथा वैष्णव स्मृतिमें प्रभेद देखा जाता है, उसी प्रकार वैष्णवपर श्रीहरिभक्तिविलाससे अवैष्णवपर स्मृतिके विचारोंका भेद भी परिलक्षित होता है । अवैष्णवपर स्मृतियोंका अधिक प्रचलन होनेके कारण वैष्णव-स्मृतिके प्रचलनमें नाना प्रकारके विघ्न उपस्थित हुए थे। नाना प्रकारके देवताओंका पूजन, प्रेतश्राद्ध और एकादशी आदि व्रत विषयक विचारोंमें वैष्णव-स्मृतिके साथ अवैष्णव-स्मृतियोंका कोई मेल नहीं है । वैष्णव-सदाचार-सम्पन्न गृहस्थके अभावके कारण कुछ समयसे स्मार्त्त-विचार ही वैष्णव आचारके रूपमें गृहीत हाते आ रहे हैं । वैष्णव जगत्के लिए अवैष्णवोचित आचार आदरणीय नहीं हैं—इसकी शास्त्रीय युक्तिपूर्ण आलोचना भी भोगी भक्ति-विरोधी समाजके लिए अप्रीतिकर होनेके कारण वैष्णव सदाचार विषयक ग्रन्थोंका प्रचार भी रुद्ध हो गया था।

इस ग्रन्थके पुनः प्रचारसे भक्ति-विरोधी स्मार्त्त विचारोंके बादल सम्पूर्ण रूपसे छट जायेंगे, इसमें सन्देह नहीं है । वैष्णव-स्मृतिके प्रचार और प्रसारसे जिनके हृदयमें शूल-विद्ध होता है, केवल वैसे लोग ही भगवद्भक्तिका आदर नहीं कर पाते, किन्तु शुद्ध-वैष्णव-समाजके लिए अमावस्याके घने अन्धकारमें अग्रसर होनेके लिए शुद्ध सदाचार ही ध्रुव ताराके समान परमावश्यक है ।

जड़ कर्मोंमें आसक्त बहिर्मुख स्मार्त्त-विचारोंका प्रकोप केवल बंगदेशीय वैष्णव-समाजपर ही था, ऐसा नहीं; भारतवर्षमें सर्वत्र ही वैष्णव-स्मृतिका विचार न्यूनाधिक रूपमें विपन्न हुआ था । इसलिए सत्क्रियासार-दीपिकाका भी बहुत प्रचार नहीं देखा जाता है । शुद्ध भक्तिस्रोतके पुनः प्रवर्तक श्रीभक्तिविनोद ठाकुरकी प्रचेष्टासे इस ग्रन्थका बँगला भाषामें प्रकाशन बहुत पहले ही हो चुका है । अब इस ग्रन्थका तृतीय-संस्करण प्रकाशित होनेसे वैष्णव-विश्वासके अनुकूल भक्तिसदाचार स्थापन करनेका सुयोग प्राप्त हुआ है । साथ ही इस ग्रन्थका द्वितीय-संस्करण भी समाप्त हो जानेके कारण वैष्णव सदाचार पालन करनेवाले व्यक्ति इस ग्रन्थका अभाव अनुभव कर रहे थे । श्रीयुक्त अविद्याहरण दासाधिकारी सेवाबान्धव महोदयके विशेष आग्रहसे महोपदेशक पण्डितप्रवर अध्यापक श्रीयुक्त यदुवर भक्तिशास्त्री, सम्प्रदायवैभवाचार्य, एम० ए०, वि० एल० महोदयने सत्क्रियासार-दीपिकाके इस विशुद्ध-संस्करणको प्रकाशित करनेकी प्रचुर प्रचेष्टा की है। उनकी ऐसी सेवाचेष्टा नहीं होने से इस ग्रन्थका सर्वांगसुन्दर संस्करण प्रकाशित होना असम्भव था। उन्होंने इस ग्रन्थके सम्पादन-कार्यमें सहायताकर गौड़ीय-वैष्णव-जगत्‌का बहुत बड़ा उपकार किया है। इसके लिए सम्पूर्ण-गौड़ीय-वैष्णव-जगत् उनका कृतज्ञ रहेगा ।

सत्क्रियासार-दीपिका ग्रन्थके साथ 'वेषाश्रय-पद्धति'-ग्रन्थ भी श्रील ठाकुर भक्तिविनोदके बंगानुवादके साथ प्रकाशित हुआ है।

श्रीजगन्नाथ गौड़ीय मठ, मयमनसिंह
पहला वैशाख, १३४२

श्रीसिद्धान्त सरस्वती

निवेदन

श्रीगौरपार्षद श्रीमद्गोपालभट्ट गोस्वामीने "सत्क्रियासार-दीपिका" एवं "संस्कार-दीपिका"-नामक दो वैष्णव-स्मृतिग्रन्थोंका संकलन किया है। श्रीब्रह्म-माध्व-गौड़ीय-सम्प्रदायैक-संरक्षक परमहंस-परिव्राजकाचार्य ॐ विष्णुपाद अष्टोत्तरशतश्री श्रीमद्भक्तिसिद्धान्त सरस्वती गोस्वामी प्रभुपादने आजसे बहुत पहले ही श्रीगौड़ीय मठ, कलकत्तासे उक्त दोनों वैष्णव-स्मृति-ग्रन्थोंका सम्पादन कर प्रकाशित किया था। तत्पश्चात् ४४६ श्रीगौराब्दमें उक्त ग्रन्थका तृतीय संस्करण उन्हींके द्वारा सम्पादित होकर ढाका 'मनोमोहन प्रेस'से मुद्रित हुआ। ३१ वर्षके बाद इसका चतुर्थ संस्करण श्रीचैतन्य मठ, मायापुरसे ४८० श्रीगौराब्दमें प्रकाशित हुआ था।

लगभग पिछले ५०-६० वर्षोंसे यह स्मृति-ग्रन्थ दुष्प्राप्य होनेपर तथा सुधी वैष्णव-सज्जनोंके पुनः-पुनः अनुरोध करनेपर श्रीगौड़ीय वेदान्त समिति (रजि.) से 'प्रथम संस्करण'के रूपमें यह ग्रन्थ पुनः प्रकाशित हो रहा है। प्रस्तुत ग्रन्थके सम्बन्धमें कुछ अधिक कहनेकी आवश्यकता नहीं है। जगद्गुरु श्रील भक्तिसिद्धान्त 'प्रभुपाद'के द्वारा लिखित भूमिकामें मूल वक्तव्य परिस्फुट है।

"सत्क्रियासार-दीपिका" और "संस्कार-दीपिका"-ग्रन्थ षड्गोस्वामियोंमें अन्यतम वैष्णव-स्मृति-आचार्यवर्य श्रीगोपालभट्ट गोस्वामी द्वारा संकलित है। शुद्ध भक्ति-प्रवाहके मूल भगीरथ जगद्गुरु-श्रीलसच्चिदानन्द भक्तिविनोद ठाकुरने उक्त ग्रन्थके तीन विभिन्न संस्करणोंको मिलाकर उसकी शुद्ध पाण्डुलिपि प्रस्तुत की थी। सन् १६०४ ई०में वह ग्रन्थ सर्वप्रथम प्रकाशित हुआ और गौड़ ब्रजमण्डलके प्रसिद्ध वैष्णव सार्वभौम श्रील जगन्नाथदास बाबाजी महाराजने इस ग्रन्थके प्रकाशित होनेके ३०वर्ष पूर्व वैष्णवसमाजके कल्याणके लिए विशेषतः सिद्ध-वैष्णव महात्माका आदेश पाकर स्वयं इस ग्रन्थका अनुवादकर सम्पादन किया था।

जगद्गुरु प्रभुपादने कहा है—"लोगोंकी लौकिक और पारमार्थिक रुचिके अनुसार एक ही शास्त्रमें स्मार्त्त और परमार्थ—इन दोनोंके विचारोंमें आचारगत पार्थक्य लक्षित होता है। लौकिक व्यवहारमें

कुशल श्रीरघुनन्दनादि स्मार्त्त पण्डितोंने अपने लिखित निबन्धों और ग्रन्थोंमें स्मार्त्तोंके और वैष्णवोंके लिए पृथक्-पृथक् व्यवस्थाओंका स्थान-स्थानपर उल्लेख किया है। दूसरी ओर पारमार्थिक-स्मार्त्त-ग्रन्थ श्रीहरिभक्तिविलासमें अवैष्णव-भावसम्पन्न स्मार्त्त-वचन 'वैष्णवों'के लिए पालनीय नहीं है—ऐसी व्यवस्था दी गयी है। वैष्णव आचार्यके निकट मन्त्र ग्रहणकर, स्मार्त्त रघुनन्दनादि विचारोंको ग्रहण करना अपने शुद्ध स्वरूपकी विस्मृतिका फल समझना चाहिए। वैष्णव आचार्योंका अनुगमन करनेके लिए दृढ़ प्रतिज्ञ होनेपर समाजके हितैषीजन वैष्णव-स्मृतिका आदर करना सीखें।"

"आजसे लगभग ४७५वर्ष पूर्व श्रीमन्महाप्रभुके निर्देशानुसार, श्रीलसनातन गोस्वामीने श्रीहरिभक्तिविलास नामक वैष्णव-स्मृतिकी रचना की। किन्तु दुर्भाग्यवश आज गौड़ीय वैष्णव नामधारी समाजमें इसका आदर नहीं देखा जाता। श्रीलगोपालभट्ट गोस्वामीने वैदिक पद्धतिका अवलम्बनकर जिस 'सत्क्रियासार-दीपिका' नामक ग्रन्थका संकलन किया है, वह स्मृति-ग्रन्थ रघुनन्दनके १००वर्ष पूर्वमें संरक्षित था। उपयुक्त आचार्योंके अभावमें वैष्णव-समाजमें वह किसी पेटिकामें आबद्ध रत्नकी भाँति अज्ञात था। श्रीगौर सुन्दरकी प्रेरणासे श्रीलभक्तिविनोद ठाकुर महोदयने वैष्णव जगत्में इसका प्रचारकर शुद्धभक्त समाजके एक बड़े अभावको दूर किया है। उनके इस ऋणका परिशोधन करनेमें शुद्ध गौड़ीय-वैष्णव-समाजको हजारों वर्ष लग जायेंगे। श्रीगौरसुन्दरकी इच्छा होनेपर वैष्णव-समाज अपनी निर्मलताके संरक्षणके लिए बिना किसी वाद-विवादके अपने समाजमें इस ग्रन्थका प्रचुर प्रचलन करायेगा।"

"साधारणतः रागानुगा भक्तिके नामपर आजकल उश्रृंखलताका व्यभिचार फैल रहा है। वैष्णव-समाज इस विषयपर गम्भीर रूपमें विचारकर इस वैष्णव-स्मृतिका अनुगमन करते हुए भक्ति-पथपर अग्रसर हो—यही हम लोगोंका सविनय निवेदन है।"

"श्रीसरस्वती ठाकुरने और लिखा है—वेदान्तमें प्रकृतिवादियोंको स्मार्त्त कहा गया है । कर्मजड़, स्मार्त्तवाद और प्रकृतिवादमें कोई अन्तर नहीं है । हमारे देशकी भाँति पाश्चात्य देशोंके भी बहुतसे मनीषियों,

साहित्यकारों और दार्शनिकोंके ऊपर जड़-प्रकृतिका प्रभाव देखा जा सकता है। भारतीय आर्य-ऋषिगण जिस विशेष शास्त्रके विधानके अनुसार अपनी व्यावहारिक क्रियाएँ सम्पादन करते हैं, साधारणतः हमारे देशमें वही 'स्मृतिशास्त्र'के नामसे परिचित है। भक्तों और अभक्तोंके व्यावहारिक विधानमें पार्थक्य है । स्मृतिशास्त्र—अभक्तोंके शरीर और मन आदिके कल्याणके लिए होते हैं; किन्तु भक्तोंका विधान कृष्ण-सेवाके लिए होता है। जिस समय जीव, देह और मनमें आत्म बुद्धिकर फलभोगकी अभिलाषासे नाना प्रकारके कर्मोंका आवाहन करता है, उस समय वह 'प्राकृत-स्मार्त्त'के नामसे परिचित होता है।"

"विंशति धर्मशास्त्रके मतसे हारित-मत वैष्णवोंके लिए अपेक्षाकृत आदरणीय है। विंशति-धर्म शास्त्रके अतिरिक्त पुराणोंमें कहे गये विधानसमूह भी वैदिक प्रयोगकी भाँति व्यवहार कुशल स्मार्त्तोंके लिए आदरणीय हैं। वैष्णवगण भी वैदिक प्रयोग-ग्रन्थ एवं पुराणोंमें उनके लिए उपयोगी अनुष्ठानोंको स्वीकार करते हैं और उनका अनुष्ठान भी करते हैं। मध्ययुगीय व्यावहारिक स्मार्त्तोंने देश-विदेशोंमें कुछ स्मृति निबन्धोंकी रचनाएँ की हैं। वैष्णवोंने भी अपने-अपने सम्प्रदायके लिए शास्त्रोंसे मौलिक प्रमाणोंको ग्रहणकर वैष्णव जीवनकी उन्नतिके लिए विधि-विधानोंका ग्रन्थके रूपमें संकलन किया है।"

"श्रीचैतन्य महाप्रभुजीके आदेशसे श्रीलसनातन गोस्वामीने गौड़ीय-वैष्णवोंके लिए विशुद्ध शास्त्रोंका अवलम्बनकर 'श्रीहरिभक्तिविलास'-नामक ग्रन्थका संकलन किया, श्रीगोपालभट्ट गोस्वामीने उस ग्रन्थको और भी अधिक प्रमाणोंसे पुष्ट करते हुए उसका सम्पादन किया । उसके लगभग अर्द्धशताब्दीके पश्चात् प्रसिद्ध स्मार्त्त बन्द्यघाटीय श्रीरघुनन्दनभट्टाचार्य बंगीय व्यवहार कुशल स्मार्त्तोंके लिए लौकिक व्यवहार-निर्वाहके लिए 'अष्टाविंशति-तत्त्व' नामसे कुछ प्रबन्धोंकी रचनाएँ कीं। उक्त प्रबन्धोंमें बहुतसे स्थलोंपर 'हरिभक्तिविलास'से पार्थक्य परिलक्षित होता है। आधुनिक कालमें कलिकालकी वृद्धि होनेके कारण वैष्णवोंका विशुद्ध विचार भी तार्किकोंके वृथा-वितण्डाके अन्तर्भुक्त हो गया है। यह सब कुछ पारमार्थिक-निष्ठाकी शिथिलताका द्योतक है। प्रा कृत विचारोंसे प्रभावित,

अप्राकृत विचारोंसे रहित स्मार्त्तोंका आनुगत्य करना महान वैष्णवोंके लिए शोभनीय नहीं है। उन्हें सब प्रकारसे वैष्णव-स्मृतिका अनुगमन करना चाहिए—हमारा यह विशेष अनुरोध है।"

"स्मृतिके जाननेवालोंको स्मार्त्त कहते हैं। इसलिए स्मृति किसे कहते हैं ?—ऐसा प्रश्न स्वाभाविक है। अवरोह पथके माध्यमसे परम सत्यवस्तु परव्योमाधीश नारायणसे ब्रह्माके हृदयमें परम सत्यवस्तुका प्रकाश हुआ था। ब्रह्माजीने नारदजीके निकट सत्यवस्तुका कीर्तन किया। नारदजीने उसीको व्यासके निकट कीर्तन किया। व्याससे ही वैयासिक सम्प्रदायमें वह सत्यवस्तु अवरोह मार्गसे सत्साम्प्रदायिक वैष्णवोंके निकट प्रकाशित हुई। दूसरी आंर ब्रह्मासे शौक्र परम्पराके अनुसार च्युत-गोत्रीय ऋषियोंकी उत्त्पत्ति हुई। अच्युत कुलकी भाँति च्युत गोत्रीय ऋषियोंका पथ अवरोह धारामें आनेके बदले वहिःप्रज्ञा परिचालित होकर आरोह पथसे चलती है। वैसे ऋषिवर्ग और उसके अधीन तीन वर्ण अपने-अपने जड़ेन्द्रिय ज्ञानको अपने अनुकूल समझकर प्रत्यक्ष और अनुमानादिका अनुसरणकर आम्नाय परम्परा या अवरोह मार्गको कण्टकित कर रहे हैं। सद्गुरुके मुख-निःसृत वचन और विचार शास्त्रोंके अनुकूल होते हैं। सत्यवस्तुको ग्रहण करनेके लिए जो आरोह पथ स्वी कृत होता है, वह अवरोह-पथका केवल नकलमात्र है। किन्तु अवरोह पथका जहाँ अनादर परिदृष्ट होता है, वहाँ अद्वयज्ञान सत्य-वस्तुकी न्यूनाधिक रूपमें अवहेलना होती है। जहाँ श्रीगुरुदेवके अप्राकृतिक गौरवको लाघव करनेकी चेष्टा होती है, वहाँ गुरुरवज्ञा रूप आरोह-पथ भ्रम-प्रमादादि दोषोंसे भरपूर रहता है तथा वहाँ आत्मम्भरितामय एक वृत्तिकी कल्पना मात्र होती है। वैसी रोगग्रस्त अवस्था भविष्यमें उश्रृंखलताकी आकर-भूमिके रूपमें निर्दिष्ट होती है। जिस समय गुरुकी अवज्ञा करनेवाला व्यक्ति अपनी कुचेष्टासे वेद-पुरुषको दर्शन करनेकी चेष्टा करता है, उसी समय दृश्य वस्तुके सम्बन्धमें नाना प्रकारके मतभेद उपस्थित होते हैं। श्रुत विषयोंको हृदयमें धारणकर उसे आचरण करना ही स्मृतिका यथार्थ अनुष्ठान है। रघुनन्दन भट्टाचार्य महाशयने आरोह-पथके पथिकोंके लिए जो कुछ 'स्मृति'के नामपर प्रचार किया है, वह पारमार्थिकोंके लिए आदरका विषय नहीं है।

बंगदेशीय रघुनन्दनने अपनी प्रतिभाके बलसे जिस स्मृतिका संग्रहकर बंगदेशीय नाना स्थानोंमें प्रचार किया है, उसके आनुगत्यमें आजकल हरिसेवा-विरोधी समाज प्रस्तुत हो रहा है।"

"पारमार्थिक-समाज गौड़ीय-वैष्णवोंके नामसे अपना परिचय देनेपर भी श्रीमन्महाप्रभुके आदेशसे संग्रहीत 'श्रीहरिभक्तिविलास'की मर्यादा अक्षुण्ण रखनेके लिए कोई प्रयास नहीं किया है। फिर भी वे लोग स्मार्त्तोंके लौकिक सम्मान मर्यादा आदिसे मुग्ध होकर आत्महत्या नहीं कर सकते। वे क्रमशः इस विषयको समझें कि श्रीगौरसुन्दरके द्वारा प्रचारित अमल वैष्णवधर्म आज स्मार्त्तोंके जालमें आबद्ध होकर ईशवैमुख्यका वर्द्धन कर रहा है। हे गौड़ीय-वैष्णवगण ! स्मार्त्त रघुनन्दनका उल्लंघन करना होगा; ऐसा सोचकर परमार्थको जलाञ्जलि मत दें। रघुनन्दनके निकट सुपरिचित न होकर उनसे नित्यकालके लिए बिदाई लें।"

श्रील सरस्वती प्रभुपादने और भी कहा है,—"जो लोग जड़ अर्थकी सिद्धिके लिए नित्य विष्णुसेवाका त्याग करते हैं, वे लोग विष्णुको 'गणेश'के रूपमें देखते हैं। जब वे प्रापञ्चिक अनुभूतिके अधीन होकर धर्मकी कामनासे विष्णुकी पूजा करते हैं उस समय वे विष्णुदर्शनके बदले 'सविता'का दर्शन करते हैं। वे लोग धर्म और अर्थकी कामनासे लौकिक लोकोंकी प्राप्तिके लिए विष्णुकी पूजा करते हैं तब वे सूर्य, गणेश और शक्तिकी सेवाको ही विष्णुकी सेवा समझते हैं। पुनः मोक्षकी कामनाकर उपास्य वस्तुको 'रुद्र'के रूपमें दर्शन करते हैं। विशुद्ध सत्त्व-रुचि विशिष्ट जीव 'विष्णु'की, सत्त्व-रजोमिश्र-गुणविशिष्ट जीव 'सूर्य'की, सत्त्व-तमोमिश्र-गुण विशिष्ट जीव 'गणेश'की, रजस्तमोगुण-विशिष्ट जीव 'शक्ति'की तथा तमोगुण विशिष्ट जीव 'रुद्र'की उपासनामें प्रवृत्त होते हैं। पञ्चोपासकगण-कालक्षुब्द्ध नश्वर फलकी आकांक्षा करनेवाले होते हैं, ऐकान्तिक वैष्णव वैसे नहीं होते । वे नित्यभगवान्‌के सेवक होते हैं। पञ्चोपासक लोग अपनी-अपनी लौकिक कामनाओंकी अभिलाषा रखते हैं; वैष्णवगण कर्मफलके अतीत, नित्य भगवद्विग्रहके नित्योपासक होते हैं।"

सात्त्वत एवं असात्त्वत समाजके सम्बन्धमें जगद्गुरु श्रील सच्चिदानन्द

भक्तिविनोद ठाकुरने कहा है,—"कुछ लोग ऐसे हैं जो सम्प्रदाय शब्द सुननेके साथ ही क्रोधित हो उठते हैं। वे कहते हैं कि सम्प्रदाय विभागद्वारा मतभेदकी सृष्टि होती है और मतभेदके द्वारा धर्मका विवाद उपस्थित होकर समाजको नष्ट कर देता है। वे ऐसा समझते हैं कि समाजमें केवल वे ही पण्डित हैं और सभी निर्बोध हैं। वस्तुतः उनकी अपेक्षा समाजमें अनेकानेक बुद्धिमान, सुचिन्तक और पण्डित व्यक्ति सम्प्रदाय स्वीकारकर धर्मका अनुशीलन किया करते हैं। सम्प्रदाय-विरोधी लोग सम्प्रदायके विरुद्धमें एक वृथा मतवाद खड़ाकर अपनेको असम्प्रदायी मानते हैं। उसका फल यह होता है कि उसी मतवादको ग्रहणकर वे एक नये सम्प्रदायकी सृष्टि करते हैं। असरल-अदूरदर्शी, वितर्कप्रिय व्यक्तिगण स्वरूपगत सम्प्रदायका निर्माण करके भी अपनेको असम्प्रदायी प्रचार करते हैं और कुछ नहीं।"

"इतिहासकी आलोचना करनेसे यह देखा जाता है कि इस पवित्र भारत भूमिमें कभी भी सम्प्रदाय-विरुद्ध कोई मत नहीं था। जबसे पाश्चात्य विद्वानोंके साथ भारत वर्षका सम्बन्ध हुआ है, उसी समयसे सम्प्रदाय-विरोधी विचार पनपे हैं। पाश्चात्य पंडितोंके साथ कथोपकथनकर, उनके भाषणको सुनकर, उनकी पुस्तकोंको पढ़कर हमारे देशके संकीर्ण बुद्धिके कुछ लोगोंके हृदयमें कुसंस्कार पैदा हो गया है कि वे 'सम्प्रदाय'-शब्द सुनते ही भड़क उठते हैं। वे अपने कुसंस्कारकी भूल कभी भी अनु-संधान नहीं करते।"

"सत्सम्प्रदायमें प्रवेशकर सम्प्रदायको पवित्र करनेकी चेष्टा करना ही बुद्धिमान व्यक्तिका कर्त्तव्य है। बाजारमें अच्छी वस्तु नहीं मिल रही और तरह-तरहकी कृत्रिमता चल रही है—ऐसा समझनेपर बाजारका सुसंस्कार करना ही कर्त्तव्य है, किन्तु इन्हीं सब कारणोंसे बाजार प्रणालीको सम्पूर्ण रूपसे बन्द कर देनेके लिए जो चेष्टा करते हैं, उनकी बुद्धिकी कभी भी प्रशंसा नहीं की जा सकती है। इसलिए पाश्चात्य देशके संकीर्ण ज्ञान-विशिष्ट व्यक्तियोंकी बातको सुनकर अथवा उनकी पुस्तकोंको पढ़कर हमें विशुद्ध सम्प्रदाय-प्रणालीका अनादर नहीं करना चाहिए। पाश्चात्य विद्वानोंमें जितना वागाडम्बर है, उतना यथार्थ पाण्डित्य नहीं

है। अल्प आयुवाले युवकोंमें स्वभावतः पाण्डित्यकी अपेक्षा वागाडम्बरके प्रति ही अधिक आकर्षण होता है और वे उसीके पक्षपाती होते हैं।"

आन्तरिक मन और प्राणसे सत्सम्प्रदायिक न होनेसे सम्प्रदायके आभ्यन्तरीण सदाचारकी बातें बोधगम्य नहीं हो सकती हैं। अवैष्णव पञ्चोपासक स्मार्त्तोंके सम्बन्धमें श्रील गोपालभट्ट गोस्वामीने कहा है,— (क)"अवैष्णवोपदिष्टेन मन्त्रेण निरयं व्रजेत्" अर्थात् अवैष्णवोंके निकट मन्त्र ग्रहण करनेसे नरकगमन होता है; इसलिए पुनः शास्त्रके विधि-विधानोंके अनुसार वैष्णव गुरुके निकट मन्त्र ग्रहण करना चाहिए(ख) कलिकालमें शौक्र ब्राह्मणोंकी शुद्धता नहीं है। पाञ्चरात्रिक विधानके द्वारा ही उनकी यथार्थ शुद्धि है। (ग) भगवद्भक्त शूद्र कुलमें पैदा हों, या निषाद, श्वपच आदि अन्त्यज कुलमें ही जन्म ग्रहण क्यों न करें, जो लोग उनको उस जातिके व्यक्तिके रूपमें दर्शन करते हैं, वे निश्चय ही नरकमें गमन करते हैं। (घ) जो मूढ़ व्यक्ति वैष्णव महात्माओंकी निन्दा करते हैं, वे अपने पितृपुरुषोंके सहित महानरकमें पतित होते हैं। (च) जो जड़बुद्धि सम्पन्न व्यक्ति अन्य देवताओंको विष्णुके समान समझता है, वह एकाग्रचित्त होने पर भी ऐकान्तिकी हरिभक्तिको प्राप्त नहीं कर पाता है। जो व्यक्ति नारायणको ब्रह्मा-रुद्रादि देवाताओंके समान दर्शन करता है वह निश्चित ही पाखण्डी है। (छ) मायावाद असत् शास्त्र है, इसलिए वह बौद्धमत है। कलिकालमें मैं (महादेव) ब्राह्मणकी मूर्ति धारणकर असुरोंको मोहित करनेके लिए इस अवैदिक मायावादका प्रचार करूँगा। (ज) विष्णु और वैष्णवोंकी प्रीतिके लिए नृत्य और गीत करना कर्त्तव्य है, किन्तु अपनी जीविका उपार्जनके लिए नृत्य-गीत आदि करनेसे पापमें निमग्न हुआ जाता है।" श्रीगोपालभट्ट गोस्वामीके द्वारा संकलित "सत्क्रियासार-दीपका" में 'श्रीहरिभक्तिविलास'का सार सन्निविष्ट हुआ है, अतः वह विशुद्ध तत्त्व-सिद्धान्त-प्रकाशक सात्त्वत-स्मृति ग्रन्थ है।

स्त्रियोंके लिए संन्यासाश्रम ग्रहण करना प्रशस्त नहीं है। घरमें रहकर हरिभजन करना ही उनके लिए मंगलप्रद है। स्त्रियोंको वेषादि प्रदानके नामपर आजकल जगत जंजाल उपस्थित हो रहा है। किसी स्थलमें विशेष दृष्टान्त होनेपर भी सर्वसाधारणके लिए वह अनुकरणीय

आदर्श नहीं है। इस विषयमें जाननेके लिए श्रील गोपालभट्ट गोस्वामी प्रभुका 'संस्कार-दीपिका'-ग्रन्थ द्रष्टव्य है। परिशिष्टमें 'संस्कार-दीपिका' या 'वेषाश्रय-पद्धति'-ग्रन्थ भी श्रील भक्तिविनोद ठाकुरके बंगानुवाद के साथ प्रकाशित हो रहा है।

श्रीभागवत पत्रिकाके योग्य सम्पादक तथा अनेक संस्कृत और बंगला भक्ति-ग्रन्थोंका अनुवाद करनेवाले मदीय सतीर्थ त्रिदण्डि स्वामी श्रीभक्तिवेदान्त नारायण महाराजजीने इस ग्रन्थका हिन्दी संस्करण प्रस्तुत किया है। आशा है यह वैष्णव-स्मृति हिन्दी भाषा-भाषियोंके साधन-भजनमें विशेष सहायक होगी।

श्रीगौड़ीय वेदान्त समिति
श्रीकृष्णकी हैमन्तिकी रासयात्रा-तिथि
शुक्रवार, १ अग्रहायण, १४०१ बंगाब्द

श्रीहरि-गुरु-वैष्णव-सेवाभिलाषी
त्रिदण्डिभिक्षु
श्रीभक्तिवेदान्त वामन

दो शब्द

श्रीमद्गोपालभट्टगोस्वामी द्वारा रचित "सत्क्रियासार-दीपिका" नामक दशसंस्कारकी पद्धति एवं "संस्कार-दीपिका" नामक वेषाश्रय-पद्धतिका राष्ट्रभाषा हिन्दी-संस्करण प्रस्तुत करते हुए मुझे अपार आनन्द हो रहा है। हिन्दी भाषी ऐकान्तिक गोविन्द उपासक वैष्णवोंमें बहुत दिनोंसे इस ग्रन्थका अभाव बुरी तरहसे खटक रहा था। आज परमाराध्य ॐ विष्णुपाद अष्टोत्तरशतश्री श्रीमद्भक्ति प्रज्ञान केशव गोस्वामी गुरुपादपद्मकी अहैतुकी कृपा एवं प्रेरणासे यह महत्वपूर्ण कार्य संभव हो सका है।

जगत्वरेण्य अष्टोत्तरशतश्री श्रील भक्तिसिद्धान्त सरस्वती 'प्रभुपाद'ने तथा श्रीगौड़ीय वेदान्त समितिके वर्तमान आचार्य एवं सभापतिने इस ग्रन्थकी उपयोगिता एवं महत्ताके विषयमें क्रमशः इस ग्रन्थकी "भूमिका" एवं "निवेदन" में सुन्दर रूपसे प्रकाश डाला है। अतः इस विषयमें अधिक कुछ कहना नहीं है। फिर भी दो-एक बातोंका उल्लेख करना आवश्यक समझता हूँ।

श्रीलगोपालभट्ट गोस्वामी गौड़ीय छह गोस्वामियोंमें से एक प्रमुख गोस्वामी हैं। ये वैदिक एवं पौराणिक शास्त्रोंके प्रकाण्ड विद्वान थे। इनका जन्म दक्षिण भारतके सुप्रसिद्ध श्रीरंगम क्षेत्रमें एक श्रीसम्प्रदायके प्रसिद्ध विद्वान्, ब्राह्मणवैष्णव वंशमें हुआ था।

इनके पिताका नाम वेंकटभट्ट था। उनके और भी दो भाई थे, त्रिमल्लभट्ट और प्रबोधानन्द। श्रीप्रबोधानन्दजी सर्वशास्त्रोंके सुपण्डित और स्वभावसुलभ कवि थे। प्रकाण्ड विद्वत्ताके कारण तत्कालीन विद्वत् सभाने इनको 'सरस्वती' उपाधिसे विभूषित किया था। श्रीप्रबोधानन्द सरस्वतीकी देख-रेखमें बालक गोपालभट्टका अध्ययन एवं शिक्षा-दीक्षा हुई थी। ये चारों ही 'श्री' सम्प्रदायमें दीक्षित वैष्णव थे। श्रीचैतन्यमहाप्रभुका दक्षिण भारत परिभ्रमणके समय चातुर्मास्यमें श्रीरंगम क्षेत्रमें इनसे सम्पर्क हुआ। श्रीमन्महाप्रभुके ऐकान्तिक कृष्णभक्तिके विचारोंका इनपर इतना अधिक प्रभाव हुआ कि वे चारों ही उनके अनुगत ऐकान्तिक कृष्णभक्त हो गये। कालान्तरमें श्रीचैतन्यमहाप्रभुकी इच्छा और प्रेरणासे पहले प्रबोधानन्द सरस्वतीजी और बादमें गोपालभट्ट गोस्वामी श्रीधाम वृन्दावनमें उपस्थित हुए।

श्रीगोपालभट्ट गोस्वामी, श्रीधाम वृन्दावनमें वर्तमान 'श्रीराधारमणजी'के निकट भजन करते थे। उनकी सेवाकी उत्कण्ठा देखकर उनकी पूजित "श्रीशालिग्राम शिला" 'श्रीराधारमण'के रूपमें प्रकट हो गयी। उनकी पीठकी ओर दर्शन करनेसे अभी भी 'शालिग्राम'के रूपमें दीखते हैं।

श्रीचैतन्यमहाप्रभुके निर्देशानुसार श्रीलसनातन गोस्वामीने "श्रीहरि-भक्तिविलास" नामक एक वैष्णव-स्मृतिका संकलन किया है। उसीको श्रीगोपालभट्ट गोस्वामीने सम्वर्द्धितकर सम्पादन किया है। श्रीगोपालभट्ट गोस्वामीने ऐकान्तिक गोविन्द उपासक ब्राह्मणादि चारों वर्णों तथा वर्ण बहिर्भूत दूसरे-दूसरे गृहस्थ वैष्णवोंके भगवद्धर्मकी रक्षा तथा उत्कर्षके लिए 'सत्क्रियासार-दीपिका' नामक विवाहादि वैदिकी संस्कारोंकी पद्धति तथा त्यागी भक्तोंकी सुविधाके लिए 'संस्कार-दीपिका' नामक वेषाश्रय पद्धति-ग्रन्थकी रचना की है। प्रस्तुत प्रकाशनसे हिन्दी भाषा-भाषी ऐकान्तिक कृष्ण उपासकोंका बड़ा ही उपकार होगा।

कुछ लोग ऐसी शंका करते हैं कि"सत्क्रियासार-दीपिका" एवं "संस्कार-दीपिका" इन दोनों ग्रन्थोंके लेखक श्रीगोपालभट्ट गोस्वामी नहीं हो सकते; क्योंकि उन्होंने सत्क्रियासार-दीपिका ग्रन्थमें अपने नामका उल्लेख किया है। किन्तु श्रीगोपालभट्ट गोस्वामीने सर्वज्ञ होनेके कारण उसी समय यह जान लिया था कि भविष्यमें ऐसी शंका उठ सकती है। इसलिए इसका समाधान करना आवश्यक है। अतः उन्होंने सत्क्रियासार-दीपिकाके प्रारम्भमें ही इस विषयका स्वयं ही स्पष्टीकरण कर दिया—

"नन्वपरग्रन्थकारवद् ग्रन्थकर्त्तृत्वेनास्मद्विधस्य स्वनाम निबद्धुमनुचितं, "अहङ्कारविमूढ़ात्मा कर्त्ताहमिति मन्यते" इति दोष-श्रवण-भयात्, तथापि स्वयूथ्यानां साधूनामाज्ञया स्वनाम निबद्धम्,—श्रीमद्गोपालभट्टनामायं कोऽपि जीवः। श्रीमद्गोपालभट्टत्वेन ज्ञापितं (यदयं) श्रीकृष्णचैतन्यचरणारविन्द-मकरन्द-सततपायित्वेन सदैव साधुनिदेशवर्त्तीति।"

अर्थात्—"अहंकार विमूढ़ात्मा व्यक्ति 'मै ही कर्त्ता हूँ'—ऐसा समझता है।" श्रीगीताके इस श्लोकसे सूचित अपराधके भयसे, साधारण ग्रन्थकारकी भाँति इस ग्रन्थके ग्रन्थकारके रूपमें अपना नाम उल्लेख करना अनुचित है। तथापि स्वसम्प्रदायी वैष्णवोंकी आज्ञासे ही अपने नामका उल्लेख

किया गया है। यह व्यक्ति श्रीमान्गोपालभट्ट नामक कोई एक जीव है। यह सदासर्वदा श्रीकृष्णचैतन्यमहाप्रभुके चरणकमलोंकी सुधापान करनेवाला होनेके कारण सदा ही सद्वैष्णवोंकी आज्ञाके अधीन है।"

श्रीगोपालभट्ट गोस्वामीकी उपर्युक्त टिप्पणीसे उक्त प्रकारकी शंका सर्वथा निर्मूल सिद्ध होती है। विशेषतः इस पुस्तकका निर्देश कलकत्ताके महामहोपाध्याय श्रीहरप्रसाद शास्त्री द्वारा Notes SKT MSS (2nd Series Vol. I No 397 Vol. II p.p. 209-10 No. 235) में किया गया है। इसके अतिरिक्त जयपुरके राजकीय ग्रन्थागारमें भी इसकी एक प्रति सुरक्षित है। उक्त पुस्तकमें भी ग्रन्थ-रचियता श्रीगोपालभट्ट गोस्वामीका उल्लेख है।

यहाँ यह भी उल्लेख करना आवश्यक समझता हूँ कि आधुनिक कालमें शुद्धभक्ति प्रवाहके पुनः प्रवर्तक भक्ति-भगीरथ श्रीश्रीमद्भक्तिविनोद ठाकुर सप्तम गोस्वामीके रूपमें प्रसिद्ध हैं। इनका श्रीधाम वृन्दावनके विख्यात श्रीराधारमण मन्दिरके सेवायत सुप्रसिद्ध श्रीसार्वभौम मधुसूदन गोस्वामीसे बहुत ही मधुर सम्बन्ध था। इन गोस्वामीजीकी भजन-कुटीमें एक सुन्दर पुस्तकालय था, जिसमें सभी गोस्वामियों एवं वैष्णव-आचार्योंके प्राचीन एवं तत्सामयिक ग्रन्थोंका अमूल्य संग्रह था; जो अभी भी वर्तमान है। श्रीलभक्तिविनोद ठाकुरजीने श्रीमधुसूदन गोस्वामीकी सम्मतिसे उक्त पुस्तकालयमें संरक्षित इस ग्रन्थकी प्राचीन प्रतिसे अनुलिपि प्रस्तुतकर ऐकान्तिक वैष्णवोंके कल्याणके लिए उसे सज्जनतोषणी पत्रिकामें १६०३ से १६०६ तक के खण्डोंमें प्रकाशित किया। पुनः १६३५ ई. में कलकत्ता स्थित गौड़ीय मठसे वही संस्कार-दीपिकाके साथ प्रथम पुस्तकाकारमें प्रकाशित हुई। अतः निर्विवादरूपमें इस ग्रन्थकी रचनाका समय १५६६ वैक्रमीयके पूर्वका है तथा वह श्रीगोपालभट्ट गोस्वामी द्वारा रचित है।

इस ग्रन्थकी पाण्डुलिपि प्रस्तुत करने, प्रूफ-संशोधन करने आदि कार्योंमें श्रीओमप्रकाश ब्रजवासी एम.ए., एल-एल.बी., 'साहित्यरत्न', श्रीमान् शुभानन्द ब्रह्मचारी 'भागवत भूषण', श्रीनवीन कृष्ण ब्रह्मचारी 'विद्यालंकार', श्रीमान् प्रेमानन्द ब्रह्मचारी 'सेवारत्न', श्रीसुबलसखा ब्रह्मचारी, श्रीपुरन्दर ब्रह्मचारी तथा श्रीपरमेश्वरी दास ब्रह्मचारी की सेवा प्रचेष्टा अत्यन्त

सराहनीय है। श्रीराधारमणजी अहैतुकी कृपाकर इन्हें ऐकान्तिक भक्ति प्रदान करें, यही उनके श्रीचरणोंमें प्रार्थना है।

श्रीहरि-गुरु-वैष्णव कृपालेशप्रार्थी
त्रिदण्डिभिक्षु
श्रीभक्तिवेदान्त नारायण

सत्क्रियासार-दीपिकाकी विषय-सूची

विषय पत्रांक

सत्क्रियासार-रचनाका उद्देश्य १

इसके मूलमें वैष्णव-आज्ञा १

इसके मूलीभूत शास्त्रसमूह २

सम्बन्ध श्लोकार्थ २

प्रणाम श्लोकार्थ ३

परमानन्द-शब्दकी व्याख्या ४

प्रयोजन श्लोकार्थ ४

अनन्य-शब्दका तात्पर्य ४

गृही-द्विजादिपदोंका विषय ४

भगवद्धर्मकी एवं भगवद्धर्मान्तर्गत पद्धतिकीश्रेष्ठता ५

विषय-श्लोकार्थ ५

गोविन्दभक्त-शब्दका विषय ६

पितृ-देवार्चन-निषेधके प्रमाण ७

अनन्यशरणभक्तोंके लिए पितृदेवार्चन करना-शास्त्र निषिद्ध ७

नारायणोपनिषद् ७

नारायणोपनिषद्व्याख्या ९

सृष्टिस्थितिप्रलयकारण श्रीनारायण १०

श्रीनारायणके अतिरिक्त दूसरे सभी देवताओंका स्वतन्त्र-ईश्वरत्व निषेध ११

सर्वर्षि-शब्दका विषय १२

दिक्-शब्दका विषय १३

अधः-शब्दका विषय १३

ऊर्ध्व-शब्दका विषय १३

मूर्त्त-शब्दका विषय १३

अमूर्त्त-शब्दका विषय १३

विषय पत्रांक

अन्तः-शब्दका विषय १४

बहिः-शब्दका विषय १४

सर्वमिदं नारायणः इसका तात्पर्य १४

नारायण ही एकमात्र देवता इसका तात्पर्य १५

सायुज्याभिलाषीका प्राप्य अव्यय विष्णु १६

सारूप्याभिलाषीका प्राप्य परम-विष्णु १६

सालोक्याभिलाषीका प्राप्य पद विष्णु १७

सान्निध्याभिलाषीका प्राप्य पार विष्णु १७

अव्यय-पद-विष्णुका अर्थ १७

भगवत्पूजा द्वारा सभीकी पूजा और तुष्टि १८

आदि पुरुष-पदका अर्थ २०

दस प्राण २०

अच्युत शब्दका अर्थ २१

कृष्णोपनिषद् २२

कृष्णका पुरुषोत्तमत्त्व २३

पुरुषोतमत्त्वकी व्याख्या २३

कृष्णके सच्चिदानन्द विग्रहकी दुर्ज्ञेयता २४

कृष्णकी सर्वकर्ममूलता २५

कृष्णका ही एकमात्र पूजत्व २५

काशंकृदादीशमुखप्रभुपूज्य वाक्यका अर्थ २६

विषय पत्रांक

कृष्णभक्तका प्रत्यवायाभाव २७

पितृदेवार्चन-निषेध द्वितीय प्रमाण २७

पितृ-देवार्चनादि-शब्दका अर्थ २८

संकल्प-शब्दका अर्थ २८

दान-शब्दका अर्थ २८

मनुष्यमात्रके छह ऋण और उसके अधीनताके शास्त्र-प्रमाण २६

मुकुन्दसेवा द्वारा सर्वविध ऋणोंसे मुक्ति २६

सर्वात्मना पदका तात्पर्य ३०

शुद्धान्तकरणता ३०

ऋणी-किंकर-शब्दका तात्पर्य ३१

अन्य देवताओंमें अर्चनकी नश्वरता ३२

देवव्रत और पितृव्रतगणोंकी गति ३२

कृष्णभक्तोंकी पितृसेवा ३३

भूतव्रतगणोंकी गति ३४

कृष्णका अनन्य शरण ही सेव्य है ३४

पितृदेवार्चन निषेधका तृतीय प्रमाण ३४

वैष्णव शब्दका अर्थ ३५

पितृदेवार्चन निषेधका चतुर्थ प्रमाण ३५

अन्य देवताओंके पूजनसे विष्णु भक्तोंका पतन ३६

विषय पत्रांक

पितृ देवार्चन निषेधमें पञ्चम प्रमाण ३६

वैष्णवोंके लिए स्मार्त्त प्रायश्चित्तका निषेध ३७

सात्वत-प्रायश्चित्त-विधान ३७

नारद पंचरात्रमें उसकी व्यवस्था ३८

अनन्यशरणता विवेक ३६

पितृदेवार्चन निषेधके लिए षष्ठ प्रमाण. ४१

कर्मियोंके लिए सर्वदेवता यजनकी आवश्यकता ४१

सर्व देवताओंके यजनमें कमी होनसे कर्मकी विफलता ४२

इस विषयमें प्रथम प्रमाण ४२

इस विषयमें द्वितीय प्रमाण ४३

इस विषयमें तृतीय प्रमाण ४५

इस विषयमें चतुर्थ प्रमाण ४६

असम्पूर्ण-क्रिया करनेसे कर्मीका प्रत्यवाय ४७

शुद्ध भक्तोंके लिए सेवानामापराध ४७

वैष्णव-अवैष्णवोंके लिए सर्वेश्वर श्रीहरि ही एकमात्र पूज्य ४८

देवतान्तर-यजन अविधि ४८

अविधिपूर्वक भगवद्भजन ४८

भजन्त्यविधिपूर्वकं-श्लोकको त्रिविध व्याख्या ४६

शुद्धसत्त्व कृष्णभक्तोंके लक्षण ५२

विषय पत्रांक

देवतान्तर पूजाकी तुच्छता ५२
एकमात्र कृष्ण ही पूर्णकाम ५३
कृष्णमायामुग्ध व्यक्तिका देवातान्तर भजन मूर्खता है ५४
चौदह भूवनमें एकमात्र श्रीहरि ही पूज्य हैं ५५
कृष्णही एकमात्र शरण हैं ५५
अनन्य शरणताका-विवेक ५८
भगवद्भजन ही निष्कर्म है ५६
गोविन्द बहिर्मुखगणोंके आतिथ्य सेवासे नामापराध ५६
अन्य देवताओंकी निन्दा-स्तुति अकर्त्तव्य. ६१
दूसरे देवताओंका अवशेष-धारण निषेधका अर्थ ६१
गोविन्दके बहिर्मुख लोगोंके साथ व्यवहार-विधि ६२
ब्राह्मणकी आदिवैष्णवता ६३
ब्राह्मणकी चाण्डालता ६३
देवतान्तर पूजासे अवैष्णवोंका भी अपराध ६४
इस विषयमें १-२ प्रमाण ... ६४, ६५
विष्णुकी सेवासे सद्गुरुकी प्राप्ति और पतिनिष्ठरूपसे विष्णुभक्ति ६६
भगवद्भक्तोंके सद्ग्रहणकी कर्त्तव्यता ६६
सत्-शब्दकी व्याख्या ६७
सद्भाव-पदका सात प्रकारका अर्थ ६७

विषय पत्रांक

साधुभाव-पदका अर्थ ६८
प्रशस्तकर्म-पदका पाँच प्रकारका अर्थ ७०
विष्णुयज्ञ सर्वदिवसव्यापी ७०
सत्-शब्दसे-विष्णुयज्ञ, तपस्या, दान, तदर्थीय कर्म ७१
शुद्ध वैष्णवोंका एकमात्र कर्त्तव्य ७१
देव-पितृगणोंका अवश्य पूज्यत्व ७१
गोविन्दपूजासे सबकी पूजा ७२
इस विषयमें प्रथम प्रमाण ७२
इस विषयमें द्वितीय प्रमाण ७२
इस विषयमें तृतीय प्रमाण ७६
इस विषयमें चतुर्थ प्रमाण ७७
हरिनाम-कीर्त्तनके द्वारा पूजाकी सर्व सर्म्पूणता ७३
हरिकीर्त्तन क्या क्या है? ७३
कलियुगमें कृतार्थ होनेका उपाय ७३
कलिकालमें सर्वत्यागसे कृतार्थता ७६
कृष्णभक्तका सर्वधर्मानुष्ठान ७७
कृष्णाभक्तका सर्वपापानुष्ठान .. ७७
अभक्त कर्मी कौन? ७८
अभक्त कर्मी सर्वपापी क्यों? ७८
अभक्तकृत पाप और धर्म इसका तात्पर्य ७८
सर्वकर्म अनुष्ठाता अभक्तकी नरक प्राप्ति ७९
विष्णुभक्तमात्रकी सर्वोत्तमता .. ८०

विषय पत्रांक

वर्णोंका क्रमिक श्रेष्ठत्व............८०
संकरान्त्यजादिका उत्तमताका हेतु............८१
एकादश प्रकारके शूद्र............८१
ब्राह्मणके भागवतमें कहे गये अष्ट और द्वादश गुण............८३
महाभारतोक्त ब्राह्मणके द्वादश गुण............८२
वर्णापेक्षा आश्रमों की क्रमिक श्रेष्ठता............८६
साधारण गृहस्थका कर्त्तव्य............८६
संन्यास और त्यागका भेद............८६
संन्यासका अर्थ............८८
निष्काम कर्मके फलोदयके विषयमें प्रथम प्रमाण............८६
इस विषयमें द्वितीय प्रमाण............६०
इस विषयमें तृतीय प्रमाण............६१
मंगलाचरण............६३
छायामण्डप और वेदी............६३
विष्णुस्मरण............६५
पुरुषसूक्त............६५
स्वस्तिवाचन............६६
मंगलवाचन............६६
अधिवास............१०१
स्मार्त्तनान्दीमुख-निषेध............१०६
सात्त्वत-नान्दीमुख............१०६
वासुदेवार्चन व्यवस्था............१०७
गणेशादिकी-पूजाका निषेध१०७-१०६
विष्णुकेआवरणदेवताआदि१०६-११०

विषय पत्रांक

विष्णुके आवरण-देवता अवश्य पूज्य............१०६
पञ्चमहाभागवत (पार्षद)............१०६
नवयोगेन्द्र (पूज्य)............११५
भागवतोत्तमगण (पूज्य)............११५
वैष्णवीगण (पूज्य)............११५
राधाकृष्ण उपासकों के पूज्य पार्षदगण............११६
वासुदेव पूजामें मन्त्रव्यवस्था ११६
ज्ञातिकर्म............११७
सम्प्रदान-प्रकरण............११८
वरण-पद्धति(जामाता)............११६
गवोपस्थापन............११६
जामाताको विष्टरादि-अर्पण............१२०
सम्प्रदान विधि............१२३
सम्प्रदान वाक्य............१२३
वैष्णवी गायत्री............१२६
श्रीश्रीराधाकृष्ण स्मरण............१२६
कामस्तुति............१२६
दक्षिणा-विधि............१२३
वर-कन्याका ग्रन्थिबन्धन............१२७
गवीमोक्षण............१२८
अच्छिद्रवाचन............१२८
वैगुण्यसमाधान............१२६
कुशण्डिका-प्रकरण............१२६
कुशण्डिका वेदीका............१२६
अभ्युक्षण-घट............१२६
स्थण्डिल............१३०
अग्निस्थापन-विधि............१३०

विषय	पत्रांक
पंचरेखा	१३०
उत्करनिरसन	१३१
रेखाभ्युक्षण	१३१
अग्निसंस्कार	१३२
अग्निस्थापन	१३२
ब्रह्मस्थापन	१३३
भूमिजप	१३५
अग्निसम्मुखीकरण	१३५
परिसमूहन	१३६
स्वस्तिक निवेदन	१३७
विंशतिकाष्ठिका होम	१३७
आज्यसंस्कार	१३७
स्रुवसंस्कार	१३६
उदकाञ्जलिसेक (कुशण्डिका)	१३६
अग्निपर्य्यक्षण	१४०
विरूपाक्षजप	१४०
पाणिग्रहणप्रकरण	१४१
नये वस्त्र	१४२
महाव्याहृतिहोम	१४३
व्यस्तसमस्त-महाव्याहृति होम	१४५
लाजहोम	१४५
कन्यापरिणयन	१४५
सप्तपदीगमन	१४६
पतिका आशीर्वाद	१४६
अभ्यागत-आमन्त्रण	१५०
पाणिग्रहण	१५०
उत्तर विवाह	१५३
ध्रुवादि-दर्शन	१५४
भोजनादि-धृतिहोम	१५५

विषय	पत्रांक
वरवधूका महाप्रसाद भोजन	१५६
दम्पतीका त्रिरात्र ब्रह्मचर्य	१५६
वधुका पति गृहमें प्रवेश	१५६
वधूका गृहप्रवेश	१५६
धृतिहोम	१५७
चतुर्थीहोम	१५८
उदीच्यकर्म	१६२
वैष्णव होम-क्रम	१६४
उदकाञ्जलिषेक (उदीच्य)	१६७
दर्भजुटिकाहोम	१६७
पूर्णाहुति	१६८
शांतिदान	१६८
गर्भाधान	१७०
अर्घ्यानुष्ठान-प्रमाण	१७१
पुंसवन	१७३
सीमन्तोन्नयन	१७५
दर्भपिञ्जली	१७७
शोष्यन्तीहोम	१८०
जातकर्म	१८२
निष्क्रामण	१८३
नामकरण	१८६
तिथिहोम (नामकरण)	१८६
नक्षत्र होम (नामकरण)	१८७
पौष्टिक कर्म	१८६
अन्नप्राशन	१६०
मूर्द्धाभिघ्राण	१६४
चूड़ाकरण	१६५
कपूष्णिका	१६७
कपूच्छल	१६६

विषय	पत्रांक
उपनयन	२०१
उपनयनहोम	२०१
ब्रह्मचारी-प्रेषण	२०६
मेखलादान	२०७
उपवीत-परिधापन	२०७
अजिन-परिधापन	२०८
सावित्री-अध्यापन	२०९
ब्रह्मचारीकी भिक्षा	२१०
ब्रह्मचारीका होम	२११
सावित्रीचरुहोम	२१३
समावर्त्तन	२१८
समावर्त्तन होम	२१८
नारायणोपस्थापन	२२१
मेखला त्याग	२२२
उपवीत धारण मन्त्र	२२२

श्लोक-सूची

श्लोक	पत्रांक
अ	
अंङ्गहीनं क्रियाहीनं	१२८
अतसीकुसुमोपमेय	६६
अतोऽस्मि लोके	२३
अत्र पिण्डप्रदो	६०
अथ नित्यो देव ......कश्चित्	८,६७
अथ नित्यो ...... भाव्यम्	८
अनन्यशरणो नित्यं	५८
अनन्यशरणो भक्तो	१०६
अनन्यसाधनार्थश्च	५८
अविस्मितं तं	५३
अवैष्णवानां सम्भाषा	५८
अम्बरीषञ्च जनकं	११०
अयमुक्तो विधिर्दाने	१२३
अर्चयेद्विबुधांश्चेत्तु	११३
अर्चयेन्मन्त्र रत्नेन	१०६
अर्चिताः पितरो देवा	७२
अर्च्चिते देवदेवेश	७२
अशुद्धा ब्रह्मरुद्राद्या	१११
अश्नन्ति पितरस्तस्य	१०८
अष्टौ ध्वजाः	६४
अस्तु तत्सर्वं	१२८
अस्पृश्यं तु	१११
अहङ्कारविमूढ़ात्मा	२
अहो रूपमहो	१११
अहो सुनिर्म्मला	१११
आर्यावर्त्ते सम्प्रदाता	१२३
इ	
इतरेषाञ्च देवानां	३५
इतरेषां तु देवानां	१०८, १११
उ	
उतामृतत्वस्येशानो	६५
उपदेवां स्तथा	११४
ऊ	
ऊरुः तदस्य यद्वैश्यः	६६
ऋ	
ऋणी स्यात्तदधीनश्च	२६
ए	
एतस्यावरणत्वेन	११०
ओ	
ॐ अथ ...... प्रलीयन्ते	७, ६७
ॐ अद्भ्यः सरः	६६
ॐ एतावानस्य	६५
ॐ कर्मफलाप्तः ...... यजन्तद्वै	४३
ॐ कृष्णानन्त	१३२
ॐ कृष्णौ वै ...... कृती	६५
ॐ चन्द्रमा मनसो	६६
ॐ चिदानन्द हृषिकेश	१७१
ॐ जगन्नाथ महाबाहो	१७१
ॐ तं यज्ञं	६६
ॐ तत् सवितुः	२०६
ॐ तद्वान् ...... संन्यासः हे हीति	८७
ॐ तद्विष्णोः परमं पदं	६५
ॐ तस्मात् यज्ञात् ...... जज्ञिरे	६६
ॐ तस्मात् यज्ञात् .... पृषदाज्यम	६५
ॐ तस्मादश्वाऽजायन्त	६६
ॐ त्रिपादूर्ध्वं उदेत्	६५
ॐ त्रैलोक्यमोहनाय	१२६

श्लोक	पत्रांक
ॐ दीनबन्धो	१७१
ॐ नाभ्यासीदन्तरीक्षं	६६
ॐ नारायण हरे राम	१७१
ॐ नारायणाय	१७१
ॐ नित्यो नित्यानां	२२१
ॐ पुरुष एवेदम्	६५
ॐ प्रजापतिश्च	६७
ॐ विश्वात्मन्	१७१
ॐ वेदाहमेतं	६६
ॐ ब्राह्मणोऽस्य	६६
ॐ यज्ञेन	६६
ॐ यत् पुरुषं	६ ६
ॐ यत् पुरुषेण	६६
ॐ यो देवेभ्यः	६७
ॐ रुचं ब्राह्म	६७
ॐ श्रीश्च ते लक्ष्मीश्च	६७
ॐ सप्तास्यासन्	६६
ॐ सहस्त्रशीर्षा पुरुषः	६५
ॐ स्वस्ति ...... दधातु	६६
ॐ हरे कृष्ण	१२६
क	
कदाचिन्नार्चयेत्	१०६
कन्याप्रदस्तु सर्वत्र	१२३
करोतु स्वस्ति मे	६६
कर्त्ता सर्व्वत्र सुतरां	१००
कर्म्मकारस्ताम्बूलिको	८१
कर्म्म चैव तदर्थीयं	७०
कलाः सर्वे	१५
कल्पकोटिसहस्त्राणि	११२
कल्पकोटिसहस्त्राणि पच्यते	१०८
कामसङ्कल्परहितः	३६
काम्यानां कर्म्मणां	८६
कार्ष्णादयश्च कुर्वन्तु	६६
कालिन्दीजलकल्लोल	६६
कृता याप्यनिरुद्धेन	१
कृतेयं पद्धतिः	२
कृष्णः करोतु कल्याणं	६६
कृष्ण ममैव सर्वत्र	६६
ख	
खर्पराङ्गारकेशास्थि	६३
ग	
गङ्गा कलिन्दतनया	११०
गन्ध-गुवाक-पुष्पाणि	१७१
गावो ह जज्ञिरे	६६
गयायां विरजे चैव	६०
गायत्री तुलसी	११०
गोपालोपासकश्चैव	११०
घ	
घटाश्च चित्रिताः	६३
घोरे कलियुगे प्राप्ते	७६
च	
चतुर्हस्तचतुर्मुष्टि	६३
छ	
छन्दांसि जज्ञिरे	६६
ज	
जम्बाम्रवकुलादीनां	६३
त	
तं पीठगं ये	२२१

श्लोक	पत्रांक
ततः कुर्य्यात् प्रयत्नेन	६३
ततो विश्वङ् व्यक्रामत्	६५
ततो भागवतं	११०
तत्तीर्थं भुक्तमन्नञ्च	११२
तत्र छायामण्डप	६४
तत्र प्रपूजयेत्	१०६
तथा त्यक्त्वा हरिं	५४
तथा मुकुन्दानन्तादीन्	१००
तथा सीतारामयोश्च	१२७
तथैव च सदा कार्ष्णिः	६६
तद्ददाति हि	११२
तद्ब्राह्मणैर्न भोक्तव्यं	१०६
तद्भुक्तमन्नं तीर्थञ्च	११२
तन्नो कृते प्रत्यवायी	४५
तमेव विदित्वा	६६
तस्मात्त्वमेव विप्राणां	११२
तस्मादन्यं परित्यज्य	१०६
तस्माद्विष्णोः प्रसादो	१०८
तस्माद्वै ब्राह्मणो	११२
तस्य त्वष्टा	६६
तस्य पादोदकं	१०८
तस्य योनिं	६७
तस्य स्यान्मङ्गलं	१००
तस्यावरणपूजायां	१०६
तापत्रयेणापि हतस्य	५६
ताम्बूलीकृत्तथा शूद्राः	८१
तेऽपि मामेव कौन्तेय	४८
तेन देवा अयजन्त	६६
ते पाषण्डत्वमापन्नाः	१११
तेषां न भक्षेत्	३६
ते ह नाकं	६६
त्वत्पादसलिलं	१११
त्वद्भुक्तोच्छिष्टशेषं	१११
त्वं शुद्धसत्त्वगुणवान्	१११
त्वं हि नारायणः	११२
त्वमेव सेव्यो	११३
त्वामेव हि सदा	११३
त्यक्त्वामृतं स मूढात्मा	६४
द	
दमयन्तीनलकयोः	१२७
दानं पूर्व्वमुखः	१२३
देवता पितरः	४६
देवतानाञ्च पितृणाम्	११२
देवतापितृबन्धूनां	२६
देवर्षिभूताप्तनृणां	२६
देवहूतिकर्दमयोः	१२७
देवादिदेवं गोविन्दम्	११३
देवादीनाञ्च पूज्योऽहं	२१
देवा यद् यज्ञं	६६
दैवं कर्म्म	३४
ध	
धर्म्मश्च सत्यञ्च	८२
न	
न काम्यं	४१
न तज्जनानां	३६
न दर्भधारणं	४१
न पश्योत्तान्न गायेच्च	३६
न पश्येन्न च	५८

श्लोक	पत्रांक
नवगोपवधूविलासशाली	६६
नवपुष्पोत्सवे मेऽर्घ्यं	१७१
न राजसी	११०
नानापुष्पादिरचित	६४
नानावर्णपताकाश्च	६३
नान्य: कश्चित्	१११
नान्यञ्च पूजयेद्देवं	५८
नान्यदेवं निरीक्षेत	११२
नान्य प्रसादं भूञ्जीत	११२
नान्यान् कदाचित्	११०
नान्येषां विद्यते	१११
नान्योच्छिष्टञ्चभूञ्जीत	५८
नारायणकला: शान्ता:	११४
नारायण: परं ब्रह्म	१०७
नि:शेष कर्मकर्त्ता	७६
नित्यं नैमित्तिकं	३४, ८८
नित्ये नैमित्तिके	११३
निवेदितं तव	११२
निर्माल्यं तु द्विजश्रेष्ठा	१०८
निमाल्यं शङ्करादीनां	१०८
नैसर्गिकं शुभं	१११
न्यूना: स्युर्निष्फलं	४६
प	
पञ्चवर्णकृतैश्चूर्णै:	६४
पञ्चामृतं पञ्चगव्यं	१७१
पतन्ति पितरस्तस्य	११२
पद्धतिं तां	१
पद्भ्यां भूमिर्दिश:	६६
परं स्वस्त्ययनं नृणां	१००
पलगण्डस्तन्त्रवायो	८१
पशूंस्तांश्चक्रे	६६
पश्यामि नान्यच्छशरणं	५६
पश्चिमाभिमुखीं कन्यां	१२३
पादोऽस्य विश्वा	६५
पापं भवति धर्म्मोऽपि	७६
पितृभूतप्रजेशादीन्	११४
पितृभ्यश्चैव तद्द्यात्	१०८
पुण्डरीकाक्ष गोविन्द	१००
पूजयध्वं द्विजश्रेष्ठा	१०६
पूजयेत् विधिना कार्ष्णो	११०
पूज्यत्वाद् ब्राह्मणानां	११३
पूज्या: सर्वे तु	४२
पूर्वादिक्रमतश्चाष्टौ	६४
पूर्वो यो देवेभ्यो	६७
प्रणम्य सच्चिदानन्दं	१
प्रत्यहं यस्त्रिकालज्ञ:	८६
प्रयाति परमं	८
प्रशस्ते कर्मणि	६७
प्रसादाय वै	१०६
प्राङ्मुख: सर्वदानेषु	१२३
प्राणोपहाराच्च	२०
प्रायश्चित्तञ्च नो याग:	३६
ब	
बोधञ्च सारथिं	८
ब्रह्मज्ञो ब्राह्मण:	११३
ब्रह्मण्य: पुण्डरीकाक्षो	१०८
ब्रह्मण्य: श्रीपति:	१०७
ब्रह्मण्यश्च शरण्यश्च	१११

श्लोक	पत्रांक
ब्रह्मलोकमवाप्नोति	८६
ब्राह्मणः क्षत्रियो	८०
ब्राह्मणत्वे बभूवुस्ते	११३
ब्राह्मणानां त्वमेवेशो	१११
ब्राह्मणोऽपि मुनिर्ज्ञानी	६२
भ	
भक्तप्रेमवशक्रिया	१३२
भगवद्धर्मरक्षार्थं	१
भट्टश्रीभवदेवेन	२
भवार्णवच्छिन्न कोऽपि	५५
भूवने सर्व्वलोकानां	५५
भूतानि यान्ति	३२
भूमौ कुर्य्यात्	६३
भूसुराणां च	१११
म	
मङ्गलं भगवान्	१००
मङ्गलं हृषिकेशोऽयं	१००
मङ्गलाचरणं चैतत्	६४
मङ्गलायतनं कृष्णः	१००
मत्पूजनेन सर्व्वार्च्चा	२१
मनुं स्वायम्भुवं	११०
मन्दोदरीरावणयोः	१२७
मन्वादिधर्म्मशास्त्रोक्तैः	२
माधवं पुण्डरीकाक्षं	१००
माधवो माधवो वाचि	६६
मामृतेऽन्यांस्तु विबुधान	११४
मुखं किमस्य	६ ६
मुखवाद्यैर्ललुलाखैः	६४
मुखादिन्द्रश्चाग्निश्च	६६
मुच्यते सर्व्वपापेभ्यः	६१
मुमुक्षवो घोररूपान्	११४
मृद्भिवार्भिः पवित्राभिः	६३
मोहाद् यः पूजयेदन्यं	१०८
मोहाद् यो ब्राह्मणो	११३
मोहेन कुरुते यस्तु	६२
य	
यः कश्चित् पुरुषो	६१
यं ब्रह्म वेदान्तविदो	६४
यज्ञश्च दानञ्च	८३
यज्ञे तपसि दाने च	७०
यत्पूजनेन विबुधाः	१८
यतः सर्व्वाणि	११
यत्र मातृगणाः	११०
यत्र यजन्ति विधिना	१०६
यत्र यत्र सुराः	१०६
यथाऽहल्यागौतमयोः	१२७
यथा तरोर्मूल	२०
यथा धृत्वा शुनः पुच्छं	५४
यद्गत्वा न निवर्त्तन्ते	१७
यदि मोहात् तु	११३
यद्यर्च्चयेदवैष्णवान्	११४
यस्त्वेव ब्राह्मणो	६७
यस्तु विष्णुं परित्यज्य	६५
यस्मात् क्षरं	२२
यस्मिंश्च प्रलयं	११
यस्मिन्नवग्रहा अर्च्याः	१०६
यान्ति देवव्रता	३२
युगे युगे च	११०

श्लोक	पत्रांक
येऽर्च्चयन्ति सुरानन्यान्	१११
येऽप्यन्यदेवता भक्ता	४८
येषामिन्दीवरश्यामो	१००
यो न दद्यात्	१०८
र	
रक्षोयक्षपिशाचानां	१०६
रजस्तमः प्रकृतयः	११४
राधाकान्त दुरन्तसंसृति	१३२
रुक्मिण्याद्यास्तथा	११०
रूपमश्विनोर्व्यात्तं	६७
ल	
ललिताद्याः सहचरीः	११०
लाभस्तेषां जयस्तेषां	१००
व	
वक्ति गृहिद्विजादीनां	१
वराय प्राङ्मुखायेह	१२३
वर्णाश्रमान्त्यजादीनां	२
वसन्तो अस्यासीदाज्यं	६६
वासुदेवं जगन्नाथम्	१००
वासुदेवं परित्यज्य	६४
वासुदेवपरा मर्त्यास्ते	७६
विदूरयति विप्रत्वं	६२
विनोपसर्पत्यपरं	५३
विप्राणां वेदविदुषां	१११
विष्वक्सेनं ससनकं	१०६
वश्वोद्गतेः कारणमीश्वरं	६४
विष्णुः सर्व्वगतो	११३
विष्णुभक्तस्तु कुरुते	३५
विष्णुभक्तिसमायुक्तो	८०
विष्णुमन्त्रोपदिष्टश्चेत्	२७
विष्णूच्चारणमात्रेण	१००
विष्णोर्निवेदितं	१०८
विष्ण्वर्च्चने तत्र तत्र	१०६
विष्ण्वाख्यं पदं	८
वैष्णवस्य न सङ्कल्पो	३६
वैष्णवान् भज कौन्तेय	११४
वैष्णवानाञ्च कार्य्याणां	११०
वैष्णवो नान्यविबुधान्	३६
श	
शङ्खघण्टादीनां घोषैः	६४
शतरूपास्वयम्भुवयोः	१२७
शुद्धपूतः सदा कार्ष्णः	३६
शुद्धसत्त्वमयो विष्णुः	१०७
शुद्धाभिर्मातृकाभिश्च	६३
श्रीकृष्ण परमानन्दं	१
श्रीकृष्णोपासकस्तु	११०
श्रीगोपीजनवल्लभ	१३२
श्रीद्रौपदीपाण्डवयोः	१२७
श्रीनारायणभट्टेन	२
श्रीविष्णोः पूजयेत्	१०६
श्रीमद्गोपालभट्टोऽयं	१
श्रीमद्गोविन्द भक्तानां	२
श्रीमद्गोविन्दानन्देन	१
श्रीयशोदा देतहूतिः	११०
श्रीलक्ष्मीपीताम्बरयोः	१२७
श्रीसीता द्रौपदी	११०
स	
संस्कृतायामुत्तमायां	६३

श्लोक	पत्रांक
स एव पूज्यो	१०८
स कर्त्ता सर्वधर्माणां	७७
स कर्त्ता सर्वपापानां	७७
सकृदेव हि योऽश्नाति	१०८
सङ्कल्पञ्च तथा दानं	२७
स जातो अत्यरिच्यत	६५
सत्यं कलियुगे विप्र	१००
सद्भावे साधुभावे च	६७
सदान्यदेवताभक्तिः	६२
सदा भगवती	११०
सदाशिवं वैनतेयं	११०
सनन्दनसनत्कुमारौ	१०६
सन्न्यासः कर्म्मणां	८८
स भूमिः विश्वतो	६५
स हेमराशिमुत्सृज्य	६५
सर्व्वकर्म्मफलत्यागं	८६
सर्व्वकर्म्मसु राजेन्द्र	४२
सर्व्वत्र प्राङ्मुखो दाता	१२३

श्लोक	पत्रांक
सर्व्वविघ्नानि नश्यन्ति	१००
सर्व्वात्मना यः शरणं	२६
सर्व्वे ग्रहाः	१६
सर्व्वेषां पितृदेवानां	४५
सर्व्वेषां भूसुराणां	१११
सर्व्वेषामेव देवानां	११३
साध्व्यो विचित्रितां	६४
स्वर्गापवर्गदं	१०८
स्मरणादेव कृष्णस्य	१०८
स्मरन्ति साधवः सर्वे	६६

ह

हरिद्रा कुङ्कुमं	१७१
हरिनामपरा ये च	७३
हरिपूजापरा ये च	७३
हरेरर्घ्यं भवेत्	१७१
हरेराम	१२६
हर्य्यर्च्चने यजेन्नित्यं	११०

श्रीश्रीकृष्णचैतन्यचन्द्राय नमः

सत्क्रियासार-दीपिका

ग्रन्थतात्पर्य श्लोका
विषयसम्बन्धप्रयोजनात्मकाः

प्रणम्य सच्चिदानन्दं जगतां सेव्यमीश्वरम् ।
श्रीकृष्णं परमानन्दमनन्याभीष्टदायकम् ।।१।।
वक्ति गृहिद्विजादीनामनन्यानां विशेषतः ।
पद्धतिं तां विवाहादेः सत्क्रियासारदीपिकाम् ।।२।।
श्रीमद्गोपालभट्टोऽयं साधूनामाज्ञया भृशम् ।
भगवद्धर्म्मरक्षार्थं भक्तानां वैदिकी तु या ।।३।।
कृता याप्यनिरुद्धेन भीमभट्टेन या कृता ।
श्रीमद्गोविन्दानन्देन कर्म्मिणां पद्धतिः कृता ।।४।।

सम्पूर्ण जगत्‌के परम सेव्य, सच्चिदानन्द विग्रह, ऐकान्तिक (श्रीराधा-गोविन्दजीके) उपासकोंके सर्वाभीष्टप्रदाता, रसिक-भक्तोंके नित्यपरमानन्दकन्द भगवान् श्रीकृष्णको प्रणामकर वैष्णवसन्तोंकी आज्ञासे ऐकान्तिक-गोविन्दोपासक-गृहस्थ ब्राह्मणादि सभी वर्णों तथा अन्यान्य वर्णसंकर आदि भक्तोंके सर्वतोभावेन् **भगवत्-धर्मकी रक्षाके लिए**, भगवत्-धर्मके उत्कर्ष एवं वैशिष्ट्यके प्रति लक्ष्य रखकर मैं **श्रीगोपालभट्ट (प्रस्तुत) "सत्क्रियासार-दीपिका"** नामक वैदिकी विवाहादि संस्कारोंकी पद्धतिकी रचना कर रहा हूँ ।।(१-३)।।

श्रीअनिरुद्धभट्ट, श्रीभीमभट्ट और श्रीगोविन्दानन्दभट्टने कर्मियोंके लिए वैदिकी पद्धतियोंकी रचनाएँ की हैं। श्रीनारायणभट्ट महाकर्मियोंके लिए

श्रीनारायणभट्टेन कर्म्मठानान्तु वैदिकी ।
भट्टश्रीभवदेवेन छन्दोगानान्तु या कृता ।।५।।
वर्णाश्रमान्त्यजादीनां वेदैः पौराणिकादिभिः ।
मन्वादिधर्मशास्त्रोक्तैर्वचनैः स प्रमाणकैः ।।६।।
श्रीमद्गोविन्दभक्तानां सेवा-नामापराधतः ।
कृतेयं पद्धतिः किन्तु पितृ-देवार्चनं विना ।।७।।

तत्र सम्बन्धश्लोकार्थः

नन्वपरग्रन्थकारवद् ग्रन्थकर्त्तृत्वेनास्मद्विधस्य स्वनाम नि-बद्धुमनुचितं, "**अहंकारविमूढात्मा कर्ताहमिति मन्यते**" इति दोषश्रवण-भयात्, तथापि स्वयूथ्यानां साधूनामाज्ञया स्वनाम निबद्धम्,—श्रीमद्गोपालभट्टनामायं कोऽपि जीवः । श्रीमद्गोपाल भट्टत्वेन ज्ञापितं (यदयं) श्रीकृष्णचैतन्यचरणारविन्द-मकरन्दसततपायित्वेन सदैव साधूनिदेशवर्त्तीति।

एवं श्रीभवदेवभट्टने भी सामवेदीय कर्मियोंके लिए पृथक् रूपमें वैदिकी पद्धतिकी रचना की है। उसी प्रकार प्रस्तुत ग्रन्थ भी वैदिकी पद्धति ही है।।(४, ५)।।

वर्णाश्रमधर्मके अन्तर्गत एवं उसके बहिर्भूत अन्त्यजादि वर्णोंमें उत्पन्न श्रीगोविन्दके ऐकान्तिक भक्तोंके लिए वेद, पुराण और मन्वादि धर्म-शास्त्रोंके सप्रमाण वचनोंके द्वारा **सेवापराध और नामापराधसे बचनेके लिए पितृ और देवार्चनका वर्जनकर** यह पद्धति-ग्रन्थ रचित हुआ है ।।(६, ७)।।

"अहंकार विमूढात्मा व्यक्ति 'मैं ही कर्त्ता हूँ'—ऐसा समझता है।" श्रीगीताके इस श्लोकसे सूचित अपराधके भयसे, साधारण ग्रन्थकारकी भाँति इस ग्रन्थके ग्रन्थकारके रूपमें अपना नाम उल्लेख करना अनुचित है। तथापि स्वसम्प्रदायी वैष्णवोंकी आज्ञासे ही अपने नामका उल्लेख

प्रणामश्लोकार्थः

एवंविशिष्टोऽयं श्रीकृष्णं प्रणम्य। श्रीकृष्णशब्दार्थः पुरैव (अन्यत्र) व्याख्यातः। किं विशिष्टं ? सच्चिदानन्दं गुणातीतानिर्व्वचनीयपरममनोहरलावण्यघनं सुखस्वरूपमतएव जगतां सेव्यम् । तत्रायं भावः—जगत्सेव्यत्वेन नित्याणिमादिसकलवैभवसुखपरिपूर्णतया ब्रह्माण्डान्तर्गतानां ब्रह्मादीनां सर्व्वेषां तथा श्रीविराडादिसर्व्वावताराणाञ्च सेवनीयं, यत ईश्वरं जगदीश्वरमित्यर्थः । गुणातीतत्वात् षड्गुणशाली श्रीभगवान् कृष्णः सर्व्वावताराणां मत्स्यादीनामपि सेव्यः । अपरं किं वक्तव्यं—नित्यं परपदधाम्नः वैकुण्ठस्येश्वरस्य श्रीमहाविष्णोरपि सेवनीयः, अन्येषां ब्रह्मादिदेवानां का वार्त्ता। यतः, परमानन्दं परमाणां

किया गया है। यह व्यक्ति श्रीमान् गोपालभट्ट नामक कोई एक जीव है। यह सदासर्वदा श्रीकृष्णचैतन्य महाप्रभुके चरणकमलोंकी सुधापान करनेवाला होनेके कारण सदा ही सद्वैष्णवोंकी आज्ञाके अधीन है (यह भाव गोपालभट्ट गोस्वामीके द्वारा सूचित होता है।)

ऐसा यह व्यक्ति श्रीकृष्णको प्रणामकर (कह रहा है)। "श्रीकृष्ण"—शब्दका अर्थ पहले ही बतलाया गया है। श्रीकृष्ण कैसे हैं?—सच्चिदानन्द, गुणातीत, अनिर्वचनीय, परम मनोहर और लावण्यकी मूर्ति हैं; सुखस्वरूप हैं—अतएव सम्पूर्ण जगतके सेव्य हैं—इस विशेषणके द्वारा वे नित्य अणिमादि संपूर्ण वैभव सुखसे परिपूर्ण होनेके कारण ब्रह्माण्डके अन्तर्गत ब्रह्मादि समस्त देवताओं एवं विराट आदि सभी अवतारोंके भी सेव्य हैं। क्योंकि कृष्ण ईश्वर हैं अर्थात् ईश्वरोंके भी ईश्वर सर्वेश्वरेश्वर हैं। षडैश्वर्यशाली भगवान् श्रीकृष्ण गुणातीत होनेके कारण समस्त अवतारोंके—मत्स्यादि अवतारोंके भी सेव्य हैं। अधिक क्या?—परमपदधाम वैकुण्ठके अधीश्वर श्रीनारायण एवं कारणोदकशायी महाविष्णुके भी सेवनीय हैं,—ब्रह्मादि दूसरे देवताओंकी तो बात ही क्या ? वे परमानन्द हैं, परम-

जगन्निवासिनां मध्येऽतिशयोत्तमश्लोक-लोककाष्ठानां रसिक-भक्तानां सततसुखानुभवस्वरुप आनन्दो यस्मिन् तं, अतः कारणा-दनन्याभीष्टदायकमनन्यानां श्रीकृष्णैकचित्तानां वाञ्छितकृष्ण-सुखवैभवप्रदं, न त्वन्यवैष्णवानां—का कथाऽपरेषाम् ।।१।।

प्रयोजनश्लोकार्थः

श्रीसत्क्रियासारदीपिकायामनन्यानां केवलं श्रीगोविन्दो-पासकानां गृहिद्विजादीनामित्यनेन **गृहस्थ-ब्राह्मण-क्षत्रिय-वैश्य-शूद्रसंकरान्त्यजादीनां भक्तानां केवल-सद्गुरूपदिष्ट-श्रीभगवन्मन्त्रदीक्षितानां** भृशमत्यर्थं विशेषतश्च (१) यथा स्यात्तथा श्रीभगवद्धर्मरक्षार्थं पद्धतिं वक्ति (२)। अयमर्थः,—नित्य-नैमित्तिक-काम्यकर्म-पितृदेवार्च्चनकर्मभ्योऽतिशयः श्रीभगवद्धर्मः। **(स च) श्रीसद्गुरुश्रीभगवन्नाममन्त्रदीक्षितवन्तं** वर्णाश्रमादिलोकं

समूहके अर्थात् जगत्वासियोंमें ऐकान्तिक रूपमें उत्तमश्लोकधामनिष्ठ रसिकभक्तोंके नित्य-सुखानुभवस्वरूप 'आनन्द' जिसमें सर्वदा विद्यमान रहता है। इसलिए वे अनन्याभीष्टदायक—अनन्य अर्थात् श्रीकृष्णके अनन्यभक्तोंके अभिलषित कृष्ण-सुखवैभवप्रदानकारी हैं । अन्य वैष्णवोंके नहीं । अवैष्णव आदिकी तो बात ही दूर रहे ।।२।।

इस सत्क्रियासार-दीपिका ग्रन्थमें एकमात्र श्रीगोविन्दके अनन्य **[गृही द्विजादि पदके द्वारा केवल श्रीसद्गुरुद्वारा श्रीभगवन्नाम-मन्त्रमें दीक्षित गृहस्थ-ब्राह्मण-क्षत्रिय-वैश्य-शूद्र-संकर और अन्त्यजादि भक्तोंको समझना होगा ।]**—भृश अर्थात् सब प्रकारसे भगवत्धर्मकी रक्षाके लिए उनका विशेष या वैशिष्ट्य हेतु यह पद्धति लिख रहे हैं । तात्पर्य यह है

---

(१) विशेषतो विशेषात्, भगवद्धर्मस्यास्य अनेभ्य उत्कर्षाद्धेतोः ।

(२) भगवद्धर्मरक्षार्थं तां पद्धतिं वक्ति या वैदिकी तु वैदिक्येव इत्यन्वयः ।

यथा न त्यजति तन्निमित्तं विशेषत इयं मता । ननु सर्व्वकर्म्मिमतेभ्यः श्रीभगवद्धर्म्मनैष्ठिकमतं श्रेष्ठम् । अतः (१) श्रीभगवद्धर्म्मानुष्ठिता वैदिकी पद्धतिः कर्म्मिपद्धतिभ्योऽतिशयश्रेष्ठतमा ।।२-३।।

विषय–श्लोकार्थः

श्रीभगवद्धर्म्मरक्षा—तत्कथा विशिष्यते । पूर्व्वं ऋक्सामाथर्व्वयजुर्विदां मतानुयायिनी या (वैदिकी) पद्धतिः कर्म्मिणा श्रीमदनिरुद्धभट्टेन कृता; अतःपरं श्रीभीमभट्टेन कर्म्मिणा सदा मत्तवत् कर्म्मैकान्तिना या पद्धतिः कृता; तथा श्रीमद्गोविन्दानन्दभट्टेन या पद्धतिः कृता, कर्म्मिणां सर्व्वकर्म्मनिपुणानां; अतःपरं श्रीनारायणभट्टेन कर्म्मठानामतिशय-वेदज्ञत्वेन महाकर्म्मशालिनां

कि—श्रीभगवद्धर्म—नित्य, नैमित्तिक, काम्यकर्म और पितृदेवार्चन आदि कर्मोंसे सर्वथा विलक्षण है । **श्रीसद्गुरुके द्वारा भगवन्नाम-मन्त्रमें दीक्षित** वर्णाश्रम आदिमें स्थित लोगोंको भगवद्धर्म त्याग न दे, इस उद्देश्यसे यह पद्धति विशेष रूपसे आवश्यक है । सब प्रकारके कर्मियोंके मतोंकी अपेक्षा भगवत् धर्मनिष्ठ वैष्णवोंका मत श्रेष्ठ है । इसलिए भगवत्-धर्ममें अनुष्ठित वैदिकी पद्धति, कर्म पद्धतियोंसे सब प्रकारसे श्रेष्ठ है ।।(२-३)।।

श्रीभगवद्धर्म रक्षाके वैशिष्ट्योंको बतला रहे हैं । पहले कर्मी श्रीमद्अनिरुद्धभट्टने ऋक्-साम-अथर्व तथा यजुर्विदगणोंके मतानुसार वैदिकी पद्धतिकी रचना की है, तत्पश्चात् उन्मत्तप्राय एकान्त कर्मी भीमभट्टने भी एक पद्धति लिखी है । श्रीगोविन्दानन्द भट्टने भी सर्वकर्ममें निपुण व्यक्तियोंके लिए एक पद्धति लिखी है । इसके बाद नारायण भट्टने ऐकान्तिक वैदिक महाकर्मियोंके लिए एक वैदिकी विधान प्रस्तुत किया है । श्रीभवदेवभट्टने सामवेदीय कर्ममें निपुण व्यक्तियोंके लिए पृथक् रूपसे एक

---

(१) यत इति पाठान्तरम् ।

या पद्धतिः कृता; श्रीभवदेवभट्टेन छन्दोगानां सामवेदोक्त-कर्म्मनिपुणानां या पद्धतिः कृता; अतःपरं श्रीद्राविड़ीयैः ऋक्साम-यजुर्वेदविद्भिः पुराणनानाशास्त्रज्ञैर्भट्टवृन्दैर्या या कर्म्मिणां पद्धतिः कृता । यथा वेदैर्वेदोक्तप्रमाणवचनैः, पौराणिकादिभिरित्यनेन पुराणोपपुराण-भागवतागम-यामल-रामायणापरशास्त्रादि-वचनैस्तथा मन्वाद्यष्टादशधर्मशास्त्रोक्तवचनैः सप्रमाणकैस्तथा ताभ्यः पद्धतिभ्यः श्रीभगवद्धर्मरक्षानुरूपैः सारातिसारैः सप्रमाणवचनैर्मया श्रीमद्गोविन्दभक्तानां वर्णाश्रमान्त्यजादीनां,—आदिपदेन कानीन-गोलक-जारजादीनां ग्रहणं, श्रीमद्गोविन्द-भक्तत्वेनानन्यशरणानां ग्रहणं,—सेवा नामापराधतः (१) निवृत्ति-चतुर्थ्यर्थे तसि,—पद्धतिरियं कृता,—किन्तु **पितृ-देवार्च्चनं विना** ।।(४—७)।।

पद्धतिका प्रणयन किया है । उसके पश्चात् ऋक्-साम-यजुर्वेदविद्, पुराण आदि-नानाशास्त्रज्ञ द्रविड़देशीय भट्टवृन्दने कर्मियोंके लिए एक पद्धतिका प्रणयन किया है । जैसे वेदोक्त प्रमाण-वाक्यों, सप्रमाण-पुराण-उपपुराण-भागवत-यामल-आगम-रामायण तथा दूसरे-दूसरे शास्त्रादि-वचन एवं मन्वादि अष्टादश-धर्मशास्त्रोंमें उल्लिखित प्रमाण वचनों द्वारा भगवद्-धर्मकी रक्षाके लिए पद्धतियाँ प्रस्तुत की गयी हैं, उसी प्रकार वर्तमान सत्क्रियासार-दीपिका नामक पद्धतिमें भी उन पद्धतियोंसे भी अधिक रूपमें भगवद्धर्मकी शिक्षाके अनुरूप सारातिसार उत्कृष्ट सप्रमाण-वचनोंके द्वारा वर्णाश्रमधर्मके अन्तर्गत ब्राह्मणादि सभी वर्णोंके, यहाँ तक कि अन्त्यज-वनवासी-गोलोक-जारजादि वर्णबहिर्भूत श्रीगोविन्दभक्तों अर्थात् अनन्य भगवत्परायण भक्तोंके लिए सेवा-नामापराध आदिके निवारणको

---

(१) सेवा-नामापराधतः सेवा-नामापराधेभ्यः सेवा-नामापराधनिवारणायेत्यर्थः, मशकाय धूम इतिवच्च्यतुर्थी । निवृत्तिचतुर्थी—तादर्थ्ये चतुर्थीत्यर्थः । सेवा-नामापराध निवारण निमित्त । निमित्तचतुर्थीति पाठान्तरम् ।

पितृदेवार्च्चननिषेधप्रमाणवाक्येषु
प्रथमं श्रीनारायणोपनिषद्वाक्यं

श्रीविष्णुमन्त्रादीक्षितवर्णाश्रमादि-शैव-शाक्त-सौर-गाणपत्यादिव्यतिरेकेण**ानन्यशरणवर्णाश्रम-सङ्करान्त्यजादीनां गृहस्थभक्तानां पितृदेवार्च्चनादिकं क्वापि वेदे लोके धर्म-शास्त्रागमस्मृतिपुराणादौ च नास्ति । एतेषामेतस्मिन् कृते सत्यपि सेवा-नामापराधो जायते ।**

तत्र प्रथममथर्व्ववेद-श्रीनारायणोपनिषद्प्रमाणमाह,—

"ॐ अथ पुरुषो ह वै नारायणोऽकामयत प्रजाः सृजेयेति प्रजाः सृजेरन् । नारायणाद्ब्रह्मा जायते, नारायणादिन्द्रो जायते, नारायणाद्द्वादशादित्या रूद्राः, सर्व्वा देवताः सर्व्वे ऋषयः सर्व्वाणि भूतानि नारायणादेव समुत्पद्यन्ते । नारायणे प्रलीयन्ते ।" "अथ नित्यो देव एको नारायणो ब्रह्मा च नारायणः शिवश्च

लक्ष्य रखकर (सेवा-नामापराधको दूर रखकर भगवद्भक्ति साधन करनेके लिए) यह पद्धति लिखी गयी है—**किन्तु पितृ-देवार्चन वर्जनकर** यह पद्धति उल्लिखित हुई है ।।(४-७)।।

विष्णुमन्त्रमें अदीक्षित वर्णाश्रमस्थित शैव, शाक्त, सौर, गाणपत्यादिके अतिरिक्त एकान्त गोविन्द उपासक वर्णाश्रम संकर और अन्त्यजादि गृहस्थ **भक्तोंके लिए पितृ-देवार्चनादि कर्मोंका अनुष्ठान** वेदशास्त्र, धर्मशास्त्र, आगम, स्मृति, पुराणादिमें तथा लोकव्यवहार अथवा लौकिकशास्त्रोंमें **कहीं भी विहित नहीं है** । प्रत्युत् पितृ-देवार्चन आदि अनुष्ठित होनेपर अनन्य भक्तोंके लिए **सेवा और नामापराध घटित होता है ।**

ऐकान्तिक गोविन्द भक्तोंके लिए पितृ और दूसरे-दूसरे देवताओंका अर्चन निषिद्ध है; इस विषयमें सबसे पहले अथर्ववेदीय नारायण उपनिषद्का प्रमाण प्रस्तुत किया जा रहा है—

"परमपुरुष श्रीनारायणने कामना की—'प्रजाकी सृष्टि करूगा' उसीसे

नारायणः शक्रश्च नारायणो रुद्राश्च नारायणो वसवोऽश्विनौ च नारायणः सर्व्वे ऋषयश्च नारायणः कालश्च नारायणो दिशश्च नारायणोऽधश्च नारायण ऊर्ध्वञ्च नारायणो मूर्त्तोऽमूर्त्तश्च नारायणोऽन्तर्बहिश्च नारायणः । नारायण एवेदं सर्व्वं यद्भूतं यच्च भाव्यम् । अथ नित्यो निष्कलो निराख्यातो निर्व्विकल्पो निरञ्जनः शुद्धो देव एको नारायणो न द्वितीयोऽस्ति कश्चित् । य एवं वेद,—

बोधञ्च सारथिं कृत्वा मनःप्रग्रहवान् पुमान् ।
प्रयाति परमं पारं विष्ण्वाख्यं पदमव्ययम् ।
विष्ण्वाख्यं पदमव्ययमिति" ।।१।। (क)

ततः कृत्स्नां सावित्रीमध्यापयेत्। यथा—ॐ प्रजापतिः विष्णु ऋषिः गायत्री छन्दः श्रीविष्णुः देवता जपोपनयने विनियोगः, 'ॐ तत्सवितुर्वरेण्यम्' इति प्रथमं पादं बारत्रयम्।। ऋष्यादयः साधारणाः (प्रतिबारम् प्रतिमन्त्रं वाच्याः)। 'ॐ भर्गोदेवस्य धीमहि' इति द्वितीयं पादं बारत्रयम्। 'ॐ धियो यो नः प्रचोदयात्' इति तृतीयं पादं बारत्रयम्। 'ॐ तत् सवितुर्वरेण्यं भर्गोदेवस्य धीमहि' इति पूर्व्वार्द्धं बारत्रयम्। ' ॐ धियो यो नः प्रचोदयात्'। इत्युत्तरार्द्धं बारत्रयम्। 'ॐ तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गोदेवस्य धीमहि धियो यो नः प्रचोदयात् ॐ' इति सर्व्वामेव गायत्री बारत्रयं पाठयेत्। ततो माणवकमाचार्य्यो महाव्याहृतीः पृथक् पृथक् कृत्वा ॐकारपूर्व्विका ॐकारान्ताश्च (ॐकारपुटिताः) अध्यापयेत्। यथा,—'ॐ प्रजापतिः विष्णु ऋषिः गायत्री छन्दः श्रीविष्णुः देवता महाव्याहृतिपाठे विनियोगः, ॐ भूः ॐ।। ॐ प्रजापतिः विष्णु ऋषिः उष्णिक् छन्दः श्रीविष्णुः देवता महाव्याहृतिपाठे विनियोगः, ॐ भुवः ॐ ।। ॐ प्रजापतिः विष्णु ऋषिः अनुष्टुप् छन्दः श्रीविष्णुः देवता महाव्याहृतिपाठे विनि-

---

अध्ययन करावें। यथा—मूलोक्त विधिसे प्रथम पाद तीन बार, द्वितीय पाद तीन बार, तृतीय पाद तीन बार पाठ करावें। तदनन्तर आचार्य माणवकको महाव्याहृति पृथक्-पृथक् ॐकारपुटित (अर्थात् आगे और पीछे ॐकारयुक्त) कर पाठ करायेंगे। (व्याहृति पाठक्रम मूलमें द्रष्टव्य) । व्याहृति पाठ कराकर आचार्य माणवकको सप्रणव व्याहृतिसह प्रणवान्त गायत्री मंत्र तीन बार पाठ करायें। उसके बाद आचार्य माणवकके हाथमें बेल या पलाशका दण्ड प्रदान करते हुए मूलोक्त २५-संख्यक मन्त्र पाठ करावें और दण्ड धारण करावें। दण्ड ग्रहणपूर्वक ब्रह्मचारी भिक्षाके लिए प्रार्थना करे। भिक्षा प्रार्थनाके वाक्य मूलमें द्रष्टव्य है। सबसे पहले माताके

योगः, ॐ स्वः ॐ।।' ततः सप्रणवव्याहृतिकां प्रणवान्तां गायत्री-मध्यापयेत् बारत्रयम्,—'ॐ प्रजापतिः विष्णु ऋषिः गायत्री छन्दः श्रीविष्णुः देवता जपोपनयने विनियोगः, ॐ भूर्भुवः स्वः तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गोदेवस्य धीमहि धियो यो नः प्रयोदयात् ॐ।।' ततो वैल्वं पालाशं वा माणवकपरिमाणं दण्डं माणवकाय प्रयच्छन्नाचार्य्यो माणवकं वाचयति,—'ॐ प्रजापतिः विष्णु ऋषिः पङ्क्तिः छन्दः श्रीविष्णुः देवता उपनयने माणवकदण्डार्पणे विनियोगः, ॐ सुश्रवः सुश्रवसं मा कुरु, यथा त्वं सुश्रवः सुश्रवा देवेषु एवम् अहं सुश्रवः सुश्रवा ब्राह्मणेषु भूयासम्'।।२५।। (इति दण्डं ग्राहयेत्)। अथ गृहीतदण्डो ब्रह्मचारी भिक्षां प्रार्थयति। तत्र प्रथमं मातरम्,—'ॐ भवति भिक्षां देहि' इति। ततो लब्धभिक्षो माणवकः—'ॐ स्वस्ति, इति ब्रुयात्; एवं सर्व्वत्र। ततो मातृबन्धुस्त्रियः। ततः पितरम्—'ॐ भवन् भिक्षां देहि' इति प्रार्थयेत्। ततोऽन्यांश्च प्रार्थयेत्। सर्व्वं भिक्षालब्धमाचार्य्याय निवेदयेत्।

ततः पूर्व्ववदाचार्य्यो व्यस्तसमस्त-महाव्याहृतिहोमं कृत्वा, प्रादेशप्रमाणां घृताक्तां समिधं तूष्णीमग्नौ हुत्वा, प्रकृतं कर्म्म समाप्य सर्व्वकर्म्मसाधारणं शाट्यायनहोमादि-वामदेव्यगानान्त-

---

निकट, उसके बादमें माताकी सहेलियोंके निकट, तत्पश्चात् क्रमसे पिता और पिताके बन्धुओंके निकट भिक्षा करे। भिक्षालब्ध समस्त द्रव्य आचार्य अर्थात् श्रीगुरुदेवको निवेदन करे।

अतःपर आचार्य पूर्ववत् व्यस्तसमस्तमहाव्याहृति होम कराकर प्रादेशप्रमाण घृताक्त समिध् अमन्त्रक होम कर प्रकृत कर्म समापनपूर्वक सर्वकर्म-साधारण शाट्यायन होम आदि वामदेव्यगानान्त उदीच्य कर्म समाप्तकर दक्षिणा करायें। यदि पिता स्वयं आचार्य हो तो कर्मकरानेवाले

मुदीच्यं कर्म्म निर्व्वर्त्य दक्षिणां कारयेत्। तत्र यदि पितैवाचार्य्यस्तदा कर्म्मकारयितृ-पाञ्चरात्रिक-वैष्णवाय दक्षिणां दद्यात्। अपरवैष्णवब्राह्मणेभ्यश्च दक्षिणां दद्यात्। तथा कार्ष्णादिवैष्णव-सेवाञ्च कुर्य्यात्। ब्रह्मचारी तु तत्रैव स्थाने दिनान्तं यावत् वाग्यतस्तिष्ठेत्। ततः प्राप्तायां सन्ध्यायां तां उपास्य कुशण्डिकोक्तविधिना समुद्भव नामानमग्निं संस्थाप्य, 'ॐ इह एव अयम् इवरो जातवेदा देवेभ्यो हव्यं वहतु प्रजानन् इति जप्त्वा, दक्षिणं जानु भूमौ पातयित्वा दक्षिणपश्चिमोत्तर-क्रमेण उदकाञ्जलिसेकं अग्निपर्य्युक्षणञ्च कृत्वा (कुशण्डिकायां द्रष्टव्यं) समिद्धोमं (१) कुर्य्यात्। तत्र प्रादेशप्रमाणां घृताक्तं समिन्त्रयं गृहीत्वा प्रथमम् एकां तूष्णीमग्नौ जुहुयात्। ततः— 'ॐ प्रजापतिः विष्णु ऋषिः गायत्री छन्दः श्रीविष्णुः देवता अग्नौ समिदाधाने विनियोगः, ॐ विष्णो अग्नये समिधं आहार्य्यं बृहते जातवेदसे, यथा अग्निः समिधा समिध्यति एवमे अहम्

पाञ्चरात्रिक वैष्णवोंको दक्षिणा दें। अन्यान्य वैष्णव-ब्राह्मणोंको भी दक्षिणा दें एवं कृष्णभक्त वैष्णवोंकी सेवा करें। ब्रह्मचारी उसी स्थानमें संध्या न होने तक मौन रहकर खड़ा रहे। संध्या होने पर सायं संध्या समापन कर कुशण्डिकामें कहे गये विधानके अनुसार समुद्भव-नामक अग्नि स्थापनपूर्वक 'ॐ इहैवायं' इत्यादि मूलमें कहे गये मन्त्रका जप करे और दक्षिण जानु भूमिमें रखकर दक्षिण, पश्चिम, उत्तरादिके क्रमसे उदकाञ्जलिसेक और अग्निपर्युक्षण कर समिध्का होम करे। ब्रह्मचारी प्रादेशप्रमाण तीन घृताक्त समिध् लेकर उसमेंसे पहले एक समिध् अमन्त्रक होम करे। तत्पश्चात् मूलमें कहे गये २६-संख्यक मन्त्रसे द्वितीय समिध् होम कर तृतीय

---

(१) कार्यतः—व्यस्तसमस्त महाव्याहृतिहोम एवं अमन्त्रक समिध् होमके पश्चात् ब्रह्मचारी द्वारा समिध् होम करवाकर यथाविधि उदीच्य कर्म करें।

आयुषा मेधया वर्च्चसा प्रजया पशुभिः ब्रह्मवर्च्चसेन धनेन अन्नाद्येन समेधिषीय स्वाहा'।।२६।। इत्यनेन द्वितीयां जुहुयात्। ततस्तृतीयां तूष्णीं जुहुयात्। ततः कर्म्मशेषोक्तविधिना पुनरग्निपर्य्युक्षणं, दक्षिणपश्चिमोत्तरक्रमेण उदकाञ्जलिसेकञ्च कुर्य्यात्। ततः—'ॐ अमुकगोत्रः श्रीअमुकदेवशर्म्माहं भोऽभिवादये' —इत्यग्निमभिवाद्य—'ॐ क्षमस्व' इत्यग्निं विसृजेत्।

ततः अतीतायां सन्ध्यायां भिक्षालब्धमन्नं क्षारलवणवर्ज्जितं सघृतं (चरुशेषम्) उदकेनाभ्युक्ष्य,—ॐ अमुतोपस्तरणमसि स्वाहा' इत्यापोऽशनं कृत्वा मध्यमानामिकाङ्गुष्ठ-त्रिपर्व्व-गृहीतेनान्नेन 'ॐ प्राणाय स्वाहा, ॐ अपानाय स्वाहा, ॐ समानाय स्वाहा, ॐ उदानाय स्वाहा, ॐ व्यानाय स्वाहा'—इति पञ्चाहुतीरभ्यवहृत्य सर्व्वत्र प्राणाहुतिशेषं भूमौ निक्षिप्य, वामहस्तविधृत भोजनपात्रो वाग्यतो भुञ्जीत। भोजनानन्तरम्—ॐ अमृत-पिधानमसि स्वाहा'—इति पुनरापोऽशनं कृत्वा आचामेत् एतच्चाग्निकार्य्यं ब्रह्मचारिणा समावर्त्तनपर्य्यन्तं प्रत्यहं सायं प्रातः कर्त्तव्यम्। भोजनं चानेन क्रमेण यावज्जीवं कर्त्तव्यम्।। इति उपनयनकर्म्म।।

समिध् अमन्त्रक होम करे। तत्पचात् उदीच्य कर्ममें कही गयी विधिसे पुनः अग्निपर्युक्षण और उदकाञ्जलिसेक कर मूलोक्त विधानसे अग्निको नमस्कारपूर्वक अग्निका विसर्जन करे।

संध्या अतीत होनेपर क्षार-लवणवर्जित सघृत भिक्षान्न जलके द्वारा अभ्युक्षण कर, मूलोक्त मन्त्रसे आपोऽशन (गण्डुषमें) लेकर, मध्यमा, अनामिका, अंगुष्ठ अंगुलियोंके अग्रभागके द्वारा अन्न ग्रहणकर 'ॐ प्राणाय' इत्यादि पाँच मन्त्रोंसे पञ्चग्रास भक्षण करे एवं प्रत्येक ग्रासके अन्तमें कुछ-कुछ अन्न भूमिमें अवश्य छोड़ दे। तत्पश्चात् बायें हाथसे भोजनपात्र पकड़कर

अथ चतुर्थेऽहनि सावित्रीचरुहोमः। तत्र प्रथमं कृतस्नानः पिता, पितृवृतो ब्रह्मचारिवृतो वा अन्यो वाचार्य्यः समुद्भव-नामानमग्निं संस्थाप्य ब्रह्मस्थापनानन्तरं प्राङ्मुख उपविष्ट-स्तस्मिन्नेवाग्नौ चरु श्रपयेत्।

तस्यानुष्ठानं यथा,—अग्नेः पश्चिमायां दिशि प्रागग्रान कुशान् आस्तीर्य्य तदुपरि प्रक्षालितानीतं वारुणमुदूखलमूषलं, वैणवञ्च सूर्पं वारुणचमसस्थजलप्रोक्षितं संस्थाप्य? व्रीहिन् यवान् वा सूर्पे निधाय, 'ॐ सवित्रे त्वा युष्टं निर्व्वपामि' इति कांस्यपात्रे चरुस्थाल्यां वा गृहीत्वा उदूखले स्थापयेत्। द्विस्तूष्णीम्। ततो दक्षिणहस्तमुपरि कृत्वा मूषलेनावहत्य शूर्पेण प्रस्फोटयेत्। इत्थमेव बारत्रयं कृत्वा त्रिः प्रक्षाल्य चरुस्थाल्याम् अमन्त्रकं कृतोत्तराग्रं पवित्रं निक्षिप्य, तदुपरि प्रक्षालिततण्डुलान् निधाय, दुग्धं निक्षिप्य स्तोकं स्तोकम् उदकं दत्वा, तन्मध्ये खदिरपलाशोडुम्बराणामन्यतमस्य प्रादेशप्रमाणाम् अग्रे उभयतः सार्द्धाङ्गुष्ठपर्व्वप्रमाणं चतुष्कोणपुष्करं मेक्षणं दक्षिणावर्त्तेन

चुपचाप भोजन करे। भोजनके अन्तमें अमृतापधान मन्त्रसे पुनः गण्डुष आचमन करे। समावर्त्तन पर्यन्त प्रतिदिन प्रातः और संध्याके समय इस प्रकार अग्निकार्य करना चाहिए एवं उक्त नियमसे जीवनभर भोजन करना चाहिए। इति उपनयन।।

अथ चौथे दिन सावित्रीचरु होम—स्नान करनेके पश्चात् पिता अथवा पिता द्वारा वृत अथवा ब्रह्मचारीके द्वारा वृत आचार्य समुद्भव नामक अग्नि स्थापनान्तर ब्रह्म स्थापनाकर पूर्वकी ओर मुख कर बैठें। और उस अग्निमें चरु पाक करें।

तदनुष्ठान यथा,—अग्निके पश्चिममें पूर्वाग्रभावसे कुश बिछाकर उसके ऊपर जलसे धोये हुए वरुणकाष्ठनिर्मित उदूखल, मूषल एवं वरुण

भ्रामयित्वा तथा पचेत् यथा अन्तरुष्मणा पाको भवति सम्यक्, मण्डगालनं दाहश्च न भवति। सम्यक् पाके भूते मध्ये घृतस्रुवद्वयं दत्वा प्रागादि-दिक्चिह्नितां चरुस्थालीमवतार्य्य अग्नेरुत्तरतः कुशोपरि स्थापयित्वा पुनर्मध्ये घृतस्रुवं दद्यात्।

ततो भूमिजपादि-स्रुवसंस्कार पर्य्यन्तं कर्म्म कृत्वा, अग्नेः पश्चिमतः आस्तरणकुशोपरि पूर्व्वमाज्यं पश्चाच्चरुं निधाय, उदकाञ्जलिसेकं कृत्वा, विरूपाक्षजपान्तां कुशण्डिकां समाप्य, प्रकृतकर्म्मारम्भे प्रादेशप्रमाणां घृताक्तां समिधं तूष्णीमग्नौ प्रक्षिपेत्। आज्यहोमोपक्रमविहितस्तु महाव्याहृतिहोमश्चरुहोमत्वात् अस्य प्रथमं न कर्त्तव्यः, अन्ते तु कर्त्तव्य एव विहितत्वात्। यदि संक्षेपोऽपेक्षितः जुहुर्व्वा न प्राप्यते, तदा चरुमध्ये घृतस्रुवं दत्वा, तत्रैव मेक्षणेन सकृदन्नं गृहीत्वा, अग्निमध्ये—'ॐ विष्णवे सवित्रे स्वाहा' इति जुहुयात्। अथ प्रवरसंख्यया पञ्च वा त्रयो मेखलाग्रन्थयः कर्त्तव्याः। अथ चेत् फलभूयस्त्वम् अपेक्षितं, जुहुश्च प्राप्यते, तदा भार्गवादिप्रवराणां जुह्वां पञ्चघृतस्रुवान् दत्वा, इतरप्रवराणां घृतस्रुवचतुष्टयं दत्त्वा, अग्नेरुत्तरे प्रागग्गामिनीम्

काष्ठनिर्मित चमसके (कलछी) जलसे प्रोक्षितकर बाँससे बने हुए सूपकी स्थापना करें; उस सूपमें चावल व जौ रखकर 'ॐ सवित्रे' इत्यादि मन्त्रसे उसके कुछ अंशको कांस्यपात्र अथवा चरुकी थालीमें लेकर उदूखलमें स्थापन करें। अवशिष्टांश बिना मन्त्रके दो बार ओखलमें रखें। तत्पश्चात् ऊपरमें दाहिने हाथमें धारण किये हुए मूषलके द्वारा आघातकर सूपके द्वारा झाड़ लेंगे। इस प्रकार तीन बार करनेके पश्चात् उसे तीन बार धोवें। चरुपात्रमें अमन्त्रक पवित्र (प्रादेशप्रमाण दो गुच्छ कुश) उत्तराग्ररूपमें स्थापनकर उसके ऊपर धोये हुए चावलको स्थापनपूर्वक दूध डाल दें एवं पाक करते समय थोड़ा-थोड़ा जल देकर मेक्षण (कलछी)

आज्यधाराम्—'ॐ विष्णवे स्वाहा'—इत्यनेन हुत्वा, तथैवाग्नेर्दक्षिणभागे—'ॐ अनन्ताय स्वाहा'—इति जुहुयात्। अथ यदि भृगुगोत्रो भार्गवप्रवरो (वा) ब्रह्मचारी, तदा जुह्वां घृतस्रुवमेकं चरुमध्ये घृतस्रुवमेकं दत्वा तत्रैव मेक्षणेनावदाय अन्नं पुनरपि जुह्वां स्थापयेत्; अवदानस्थाने च चरौ घृतस्रुवं दद्यात्। ततश्चरोः पूर्व्वभागे घृतस्रुवं दत्वा तत्रैव मेक्षणेनावदाय अन्नं पुनरपि जुह्वां स्थापयेत्; अवदानस्थाने च चरौ घृतस्रुवं दद्यात्। ततश्चरोः पश्चिमे भागे घृतस्रुवं दत्वा तत्रैव मेक्षणेनावदाय अन्नं पुनरपि जुह्वां स्थापयेत्; अवदानस्थाने च चरौ घृतस्रुवं दद्यात्। ततो जुह्वां सर्व्वोपरि घृतस्रुवं दत्वा अग्निमध्ये—'ॐ विष्णवे सवित्रे स्वाहा'—इति जुहुयात्। यदि अन्यगोत्रोऽन्यप्रवरो वा तदाचरोः

द्वारा दक्षिणसे बायेंकी ओर उसे घोटकर इस प्रकारसे पाक करें, जिससे मध्यम तापके द्वारा अच्छी तरहसे चरु सिद्ध हो जाय। अर्थात् माँड़ भी निकालना न पड़े तथा नीचे लगकर जल भी न जाय। मेक्षण (कलछी) खदीर, पलाश या गूलरकी लकड़ीकी होनी चाहिए और वह प्रादेशप्रमाण लम्बी हो, उसके आगेका भाग मुख दोनों तरफ डेढ़ आंगुल गहरा और चतुष्कोण होना चाहिए। चरु अच्छी तरहसे पक जानेपर उसमें दो स्रुव घृत डालकर पूर्व आदि दिक् चिह्नयुक्त चरुपात्र अग्निसे उतारकर अग्निके उत्तर दिक्में कुशके ऊपर रखकर उसमें पुनः एक स्रुव घृत दें।

तदनन्तर कुशण्डिकाके अन्तर्गत भूमिजपसे स्रुव-संस्कार तक कर्मका अनुष्ठान कर, अग्निके पश्चिममें बिछाये हुए कुशके ऊपर पहले घी, पीछे चरु स्थापन करना चाहिए एवं उदकाञ्जलिसेक कर विरूपाक्षजपान्त कुशण्डिका समापनपूर्वक प्रकृत कर्मके आरम्भमें प्रादेशप्रमाण घृताक्त समिध् अमन्त्रक होम करें। आज्य (घी) होमके प्रारम्भमें महाव्याहृति होम विहित होनके कारण, चरु होमके पहले उसे नहीं करना चाहिए। किन्तु उसके पश्चात् करना चाहिए। यदि कार्य संक्षेपमें करना हो अथवा जुहू

पश्चिमभागे घृतस्रुवं दत्वा अवदानं न कर्त्तव्यम्। किन्तु जुह्वां घृतस्रुवं दत्वा, चरुमध्ये प्रागावर्त्तनमेव, चरोरुपरि घृतस्रुवं दत्वा होतव्यम्। ततो भार्गवादिप्रवरो यदि ब्रह्मचारी, तदा जुह्वां घृतस्रुवद्वयं दत्त्वा, चरोः पूर्वोत्तरभागे घृतस्रुवं दत्त्वा,मेक्षणेन चरोः बहुतरमन्नं गृहीत्वा जुह्वां स्थापयेत्; अवदानस्थाने चरौ

(पलाशकी लकड़ीका यज्ञपात्र) नहीं मिले, तो चरुमें एक स्रुव घृत डालकर उसीमेंसे मेक्षणके द्वारा एक बार अन्न लेकर उसे 'ॐ सवित्रे स्वाहा' मन्त्रसे अग्निमें होम करें।

अनन्तर प्रवरसंख्याके अनुसार पाँच या तीन मेखलाग्रन्थि प्रस्तुत करें। यदि अधिक फलकी इच्छा हो और जुहू भी प्राप्त हो जाय, तो भृगुगोत्र या भार्गवप्रवर ब्रह्मचारी जुहूमें पाँच स्रुव घी देकर, अन्यप्रवरगोत्र ब्रह्मचारी चार स्रुव घृत देकर 'ॐ विष्णवे स्वाहा' मन्त्रसे अग्निके उत्तर अंशमें उत्तराग्र घृत-धारा प्रदान करे। "ॐ अनन्ताय स्वाहा' मन्त्रसे अग्निके दक्षिण अंशमें पूर्वोक्तप्रकारसे घृत धारा दे। अतःपर भृगुगोत्र अथवा भार्गवप्रवर ब्रह्मचारी जुहूमें एक स्रुव और चरुमें एक स्रुव घृत देकर, चरुके उस स्थानसे कलछीके द्वारा अन्न अवदान ग्रहणकर जुहूमें स्थापित करे और चरुके अवदान स्थानमें भी एक स्रुव घृत डाल दे। पुनः चरुके पश्चिम भागमें एक स्रुव घी देकर उस स्थानसे कलछीके द्वारा अन्न अवदान कर उसे जुहूमें स्थापनके अनन्तर चरुके अवदान स्थानमें एक स्रुव घृत डाल दे। तत्पश्चात् जुहूमें समस्त अन्नके ऊपर एक स्रुव घृत देकर 'ॐ विष्णवे सवित्रे स्वाहा' मन्त्रसे अग्निमें होम करे। ब्रह्मचारी अन्यगोत्रप्रवर होनेपर चरुके पश्चिम भागमें अवदान न करे। किन्तु जुहूमें एक स्रुव घृत देकर थालीमें रखे हुए चरुमें (पश्चिम भाग छोड़कर) पूर्व प्रक्रियाकी पुनरावृत्तिकर जुहूमें रखे हुए चरुके ऊपर एक स्रुव घृत देकर पुनः होम करे। अतःपर भृगुगोत्र वा भार्गवप्रवर ब्रह्मचारी जुहूमें दो स्रुव घृत देकर, चरुके पूर्वोत्तर भागमें (ईशान कोणमें) एक स्रुव घृत देकर कलछीके द्वारा उस स्थानसे अधिकांश अन्न उठाकर जुहूमें स्थापन

घृतस्रुवं न दद्यात्। ततो जुहुस्थचरोरुपरि घृतस्रुवद्वयं दत्त्वाग्नेः पूर्वोत्तरभागे—'ॐ स्वस्तिकृते श्रीअच्युताय स्वाहा'—इति जुहुयात्। यद्यन्यगोत्रोऽन्यप्रवरस्तदा प्रथममेक एव घृतस्रुवो जुह्वां दातव्यः (अन्यत् सर्व्वं समानम्।)

ततस्तूष्णीमग्नौ मेक्षणं हुत्वा महाव्याहृतिहोमं कृत्वा तूष्णीं प्रादेशप्रमाणसमित्प्रक्षेपान्तं प्रकृतं कर्म्म समाप्य सर्व्वकर्म्म साधारणं शाट्यायनहोमादि वामदेव्यगानान्तं उदीच्यं कर्म्म समाप्य आचार्य्याय दक्षिणां दद्यात्। पितैवाचार्य्यश्चेत् कर्म्मकारयितृ-पाञ्चरात्रिक-वैष्णवाय ब्राह्मणाय दक्षिणां दद्यात्।। इति सावित्रीचरुहोमः।।

करे। किन्तु चरुके अवदानस्थानमें घृत स्रुव न दे। तत्पश्चात चरुके ऊपर दो स्रुव घृत देकर अग्निके पूर्वोत्तर भागमें 'ॐ स्वस्तिकृते अच्युताय स्वाहा' मन्त्रसे होम करे। अन्यगोत्रप्रवर होने पर जुहूमें पहले एक स्रुव घृत दे। (अन्य समस्त कार्य समान रूपसे)।

अनन्तर कलछीको अग्निमें अमन्त्रक होम कर, महाव्याहृति होम कर, अमन्त्रक प्रादेशप्रमाण समिध् निक्षेप कर प्रकृतकर्म समापनपूर्वक सर्वकर्मसाधारण शाट्यायन होम आदि वामदेव्यगानान्त उदीच्य कर्म समाप्त करे एवं आचार्यको दक्षिणा दे। पिता ही आचार्य होने पर कर्म करानेवाले पाञ्चरात्रिक वैष्णवोंको दक्षिणा प्रदान करें। इति सावित्रीचरु होम।।

(१७) अथ समावर्त्तनम्

अथ कृतवेदाध्ययनं आचार्य्यनुमतं माणवकं समावर्त्तयेत्। तत्र प्रातः कृतस्नानः कृतविष्णुपूजनः कृतसात्त्विकवृद्धिश्राद्धः पिता, कृतवृद्धिश्राद्धेन पित्रा वृतो, ब्रह्मचारिवृतो वाऽन्य एवाचार्य्यस्तेजोनामानमग्निं संस्थाप्य, विरूपाक्षजपान्तां कुशण्डिकां समाप्य, माणवकं दक्षिणे निधाय, प्रकृतकर्म्मारम्भे प्रादेशप्रमाणां घृताक्तां समिधमग्नौ तूष्णीं हुत्वा महाव्याहृतिहोमं कुर्य्यात्। तत आचार्य्यः पञ्चाहुतीर्जूहुयात् यथा,—'ॐ प्रजापतिः विष्णु ऋषिः गायत्री छन्दः श्रीअनन्तो देवता समावर्त्तनहोमे विनियोगः, ॐ अनन्त व्रतपते व्रतम् अचारिषं तत् ते प्रब्रवीमि, तत् अशकं, तेन अरात्सम्, इदम् अहम् अनृतात् सत्यम् उपागां स्वाहा।।१।। ॐ परमेश्वर ऋषिः गायत्री छन्दः श्रीवासुदेवो देवता समावर्त्तनहोमे विनियोगः, ॐ वासुदेव व्रतपते व्रतम् अचारिषं, तत् ते प्रब्रवीमि, तत् अशकं, तेन अरात्सम्, इदम् अहम् अनृतात् सत्यम् उपागां स्वाहा।।२।। ॐ सनक ऋषिः गायत्री छन्दः श्रीचतुर्भुजो देवता समावर्त्तनहोमे विनियोगः, ॐ

---

(१७) **अथ समावर्त्तन**—आचार्यकी आज्ञासे अधीतवेद माणवकका (ब्रह्मचारीका) समावर्त्तन अनुष्ठान करना कर्त्तव्य है। समावर्त्तनके दिन पिता स्नानके अनन्तर विष्णुपूजा और सात्त्विकवृद्धिश्राद्ध करें अथवा वृद्धिश्राद्ध करनेके पश्चात् पिताके द्वारा वृत अन्य आचार्य अथवा ब्रह्मचारीके द्वारा वृत अन्य आचार्य तेजो-नामक अग्नि संस्थापनपूर्वक विरूपाक्षजपान्त कुशण्डिका समाप्त कर ब्रह्मचारीको अपने दक्षिणमें बैठाकर, प्रकृत कार्यके आरम्भमें प्रादेशप्रमाण घृताक्त समिध् अमन्त्रक होम कर महाव्याहृति होम करे। तत्पश्चात् आचार्य मूलमें कहे गये पाँच मन्त्रोंसे पाँच आज्य होम करे। अनन्तर आचार्य उत्तराग्र कुशासन पर उत्तरमुखी बैठें। ब्रह्मचारी

चतुर्भूज व्रतपते व्रतम् अचारिषं, तत् ते प्रब्रवीमि, तत् अशकं, तेन अरात्सम्, इदम् अहम् अनृतात् सत्यम् उपागां स्वाहा।।३।। ॐ सनत्कुमार ऋषिः गायत्री छन्दः श्रीसर्व्वेश्वरो देवता समावर्त्तनहोमे विनियोगः, ॐ सर्व्वेश्वर व्रतपते व्रतम् अचारिषं, तत् ते प्रब्रवीमि, तत् अशकं, तेन अरात्सम्, इदम् अहम् अनृतात् सत्यम् उपागां स्वाहा।।४।। ॐ आयुष्मान् ऋषिः गायत्री छन्दः श्रीअच्युतो देवता समावर्त्तनहोमे विनियोगः, ॐ अच्युत व्रतपते व्रतम् अचारिषं, तत् ते प्रब्रवीमि, तत् अशकं, तेन अरात्सम्, इदम् अहम् अनृतात् सत्यम् उपागां स्वाहा।।५।।

ततः आचार्य्य उदगग्रेषु कुशेषु उत्तराभिमुख उपविशति। ब्रह्मचारी तु आचार्य्यस्य पश्चिमोत्तरकोणे उदगग्रेशु कुशेषु प्राङ्मुख उपविशति। ततः शीतोष्णमिश्रिताभिरद्भिर्व्रीहि-यव-माष-मुद्गाद्योषधिद्रव्ययुक्ताभिश्चन्दनादिगन्धवासिताभिः पात्रान्तरस्थिताभिः स्वाञ्जलिं पूरयित्वा ब्रह्मचारी आचार्य्य-प्रेरितोऽनेन मन्त्रेण भूमौ उदकाञ्जलिं त्यजेत्,—'ॐ शौनक ऋषिः गायत्री छन्दः श्रीनारायणानन्तादयो देवताः समावर्त्तने ब्रह्मचार्य्युदकाञ्जलित्यागे विनियोगः, ॐ अप्सु अन्तः-नारायणानन्तादयः प्रविष्टाः, गोह्य उपगोह्यो मयुखो मनोहाः खलो विरुजः तनूदूषिः इन्द्रियहा अति तानत् अग्नीन्

आचार्यके पश्चिमोत्तर कोणमें उत्तराग्र कुशासन पर पूर्वमुख होकर बैठे। तत्पश्चात् ब्रह्मचारी चावल, जौ, उड़द, मूँग आदि औषधिसहित चन्दन आदि द्वारा सुवासित, पात्रस्थित शीत-उष्ण मिश्रित जलसे अपनी अञ्जलि पूर्णकर आचार्यके आदेशसे मूलमें कहे हुए १-संख्यक मन्त्रसे जलाञ्जलि भूमिमें छोड़ दे। पुनः इसी प्रकार जलसे अंजलि पूर्णकर मूलोक्त २—संख्यक

सृजामि।।'१।। ततः पुनस्ताभिरञ्जलिं पूरयित्वा अनेन मन्त्रेण भूमौ त्यजेत्,—'ॐ व्यासदेव ऋषिः विराट् छन्दः श्रीमहाविष्णुः देवता समावर्त्तने ब्रह्मचार्य्युदकाञ्जलित्यागे विनियोगः, ॐ यदपां घोरं, यदपां क्रुरं, यदपाम् अशान्तम्, अति तत् सृजामि।।'२।। ततो ब्रह्मचारी आचार्य्यप्रेरितस्ताभिरद्भिः स्वाञ्जलिं पूरयित्वा अनेन मन्त्रेण आत्मानमभिषिञ्चेत्—'ॐ सनातन ऋषिः गायत्री छन्दः श्रीवराहो देवता समावर्त्तने ब्रह्मचार्य्युदकाञ्जलिसेके विनियोगः, ॐ वराह त्वमिह भव, तेनाहं आत्मानं अभिषिञ्चामि'।।३।। ततः पुनरपि पूर्व्ववत् स्वाञ्जलिं पूरयित्वा अनेन मन्त्रेणात्मानमभिषिञ्चेत्,—'ॐ श्रीनारद ऋषिः बृहती छन्दः श्रीमदनन्तो देवता समावर्त्तने ब्रह्मचार्य्युदकाञ्जलिसेके विनिर्योगः, ॐ यशसे तेजसे ब्रह्मवर्च्चसाय वलाय इन्द्रियाय वीर्य्याय अन्नाद्याय रायस्पोषाय त्विष्ट्यै अपचित्तै'।।४।। ततः पुनरपि पूर्व्ववदञ्जलिं गृहीत्वा अनेन मन्त्रेणात्मानमभिषिञ्चेत्—'ॐ परमेश्वर ऋषिः गायत्री छन्दः श्रीअनन्तो देवता समावर्त्तने ब्रह्मचार्य्युदकाञ्जलिसेके विनियोगः, ॐ येन कृष्णयशोगानं येन शय्या, येन आसनं, येन उपानं येन छत्रं व्यजनं सूत्रं वसनं, यत् यत् सेवा यशः ते सर्व्वं, तेन माम् अभिषिञ्च त्वम्'।।५।। ततः पुनरपि ब्रह्मचारी तादृशेनाञ्जलिना तूष्णीमात्मानम् अभिषिञ्चेत्।

मन्त्रसे उसे भूमिपर छोड़ दे। अतःपर ब्रह्मचारी आचार्यके आदेशसे उस जलसे अपनी अंजलि पूर्णकर मूलोक्त ३-संख्यक मन्त्रसे अपनेको अभिषिक्त करे। पुनः इसी प्रकार अंजलि पूर्णकर मूलोक्त ४-संख्यक मन्त्रसे स्वयंको अभिषिक्त करे। ५-संख्यक मन्त्रसे स्वयंको पूर्ववत् पुनः अभिषिक्त करे।

ततोऽभिषेकानन्तरं ब्रह्मचारी उत्थाय प्राङ्मुखे श्रीनारायणं पश्यन् चतुर्भिमन्त्रैरुपतिष्ठत्—'ॐ वेदव्यास ऋषिः विराट् छन्दः श्रीविष्णुः देवता श्रीनारायणोपस्थाने विनियोगः, ॐ नारायणः विराजन् भ्राजभृष्णुः इन्द्रो मरुद्भिः अस्थात् प्रातः यावभिः पार्षदैः दशसनिः असि, दशसनिं मा कुरु, आ त्वा विशामि, आ मा विश।।६।। ॐ वैशम्पायन ऋषिः अनुष्टुप् छन्दः श्रीसहस्र-शीर्षा पुरुषो देवता श्रीनारायणोपस्थाने विनियोगः, ॐ नारायणो, विराजन् भ्राजभृष्णुः इन्द्रो मरुद्भिः अस्थात् दिवा यावभिः आवरणैः, शतसनिः असि, शतसनिं मा कुरु, आ त्वा विशामि, आ मा विश।।७।। ॐ श्रीसनन्दन ऋषिः अनुष्टुप् छन्दः श्रीहृषिकेशो देवता श्रीनारायणोपस्थाने विनियोगः, ॐ नारायणो विराजन् भ्राजभृष्णुः इन्द्रो मरुद्भिः अस्थात् सायं यावभिः सखिभिः, सहस्रसनिः असि, सहस्रसनिं मा कुरु, आ त्वा विशामि, आ मा विश।।८।। ॐ सनातन ऋषिः त्रिष्टुप् छन्दः श्रीविश्वम्भरो देवता, श्रीनारायणोपस्थाने विनियोगः, ॐ एको देवः सर्व्वभूतेषु गूढः सर्व्वव्यापी सर्व्वभूतान्तरात्मा। कर्म्माध्यक्षः सर्व्वभूताधिवासः साक्षी चेता केवलो निर्गुणश्च।। ॐ नित्यो नित्यानां चेतनश्चेतनानाम् एको बहूनां यो विदधाति कामान्। तं पीठगं ये अनुभजन्ति धीराः तेषां सुखं शाश्वतं नेतरेषाम्।। ॐ नमो नमस्तुभ्यं नारायणाय'।।९।।

अतःपर पुनः और एक बार बिना मन्त्रसे उसी प्रकार अञ्जलि द्वारा स्वयंको अभिषिक्त करे।

अनन्तर ब्रह्मचारी पूर्वमुखी खड़ा होकर श्रीनारायण विग्रह दर्शनपूर्वक मूलोक्त ६ से ९ संख्यक चार मन्त्रोंसे उपासना करे। तत्पश्चात् ब्रह्मचारी

ततो ब्रह्मचारी मेखलामनेन मन्त्रेण अधस्तान्मोचयेत्—ॐ हरि ऋषिः अनुष्टुप् छन्दः श्रीवसुदेवात्मजो देवता मेखलामोचने विनियोगः, ॐ उदुत्तमं वरूण पाशम् अस्मत् अव अधमं वि मध्यमं श्रथाय। अथः विष्णो व्रते वयं तव अनागसः श्रियै स्याम'।।१०।। तत आचार्य्यो बैल्वं पालाशं वा दण्डम् अग्नौ क्षिप्त्वा, महाव्याहृतिहोमं कृत्वा, प्रादेशप्रमाणां घृताक्तां समिधं तूष्णीमग्नौ हुत्वा प्रकृतं कर्म्म समाप्य सर्व्वकर्म्मसाधारणं शाट्यायनहोमादि वामदेव्यगानान्त मुदीच्यं कर्म्म समापयेत्। ततो ब्रह्मचारी कार्ष्णादिवैष्णवान् ब्राह्मणान् भोजयित्वा स्वयञ्च भुक्त्वा शिखावर्जं केश-श्मश्रु-नखानां स्फोटनं कारयित्वा स्नात्वा अहते वाससी परिधाय कृतालङ्कार अनेन मन्त्रेण यज्ञोपवीतद्वयं परिदध्यात्,—'ॐ सनन्दन ऋषिः गायत्री छन्दः श्रीहरिः देवता समावर्त्तने यज्ञोपवीतधारणे विनियोगः, ॐ यज्ञोपवीतम् असि, यज्ञस्य त्वा यज्ञोपवीतेन उपनह्यामि'।।११।। [कालान्तरेऽपि छिन्नं यज्ञोपवीतं जले त्यक्त्वा अपरं एतन्मन्त्राभिमन्त्रितं गृह्णीयात्।] ततः स्नातकोऽनेन मन्त्रेण मूर्द्ध्नि स्रजं वध्नीयात्,—'ॐ करभाजन ऋषिः गायत्री छन्दः श्रीभागवती

मूलोक्त १०-संख्यक मन्त्रसे मेखलाको नीचेकी तरफसे निकाल दे। अनन्तर आचार्य बेल या पलाशका दण्ड अग्निमें निक्षेप कर महाव्याहृति होम करें, प्रादेशप्रमाण घृताक्त समिध् अमन्त्रक होम कर प्रकृत कर्म समापनपूर्वक सर्वकर्मसाधारण शाट्यायन आदि वामदेव्यगानान्त उदीच्यकर्म समाप्त करें।

अनन्तर ब्रह्मचारी कृष्णभक्त वैष्णव-ब्राह्मणको भोजन कराकर एवं स्वयं भोजन कर, शिखा व्यतीत केश, दाढ़ी, लोम, नख कटाकर स्नान करे, नये दो वस्त्र (धोती और चादर) और अलंकार धारण करे तथा

देवता, स्रग्बन्धने विनियोगः, ॐ श्रीः असि, मयि भागवती रमस्व'।।१२।। ततः स्नातकोऽनेन मन्त्रेण चर्म्मपादुकायुगले चरणो निदध्यात्—'ॐ जमदग्नि ऋषिः विराड्गायत्री छन्दः श्रीउपेन्द्राच्युतौ देवते उपानत्-परिधाने विनियोगः, ॐ नेत्रौ स्थो, नयत माम्'।।१३।। ततः स्नातक आत्मपरिमितं वैणवं दण्डमनेन मन्त्रेण गृह्णाति—'ॐ परमेश्वर ऋषिः गायत्री छन्दः श्रीकेशवो देवता दण्डग्रहणे विनियोगः, ॐ नारायणस्य त्वं विहितो, गन्धर्वोऽसि, उप मा अव'।।१४।। ततस्त्यक्तं कृष्णसाराजिनं यज्ञोपवीतञ्च दण्डोपरि निदध्यात्। ततः स्नातक आचार्य्यसमीपं गत्वा सपरिषदमाचार्य्यमनेन मन्त्रेण पश्येत्—'ॐ सनन्दन ऋषिः त्रिष्टुप् छन्दः श्रीईश्वराचार्य्यो देवता, आचार्य्यपरिषद्-वीक्षणे विनियोगः, ॐ यक्षमिव चक्षुषः प्रियो वो भूयासम्'।।१५।। अथ स्नातक आचार्य्यसमीपं गत्वा उपविश्य प्रसारिताङ्गुलिना दक्षिणहस्तेन मूखमाच्छाद्य मूखभवं प्राणवायुं संस्पृशन् इमं मन्त्रं पठेत्—'ॐ करभाजन ऋषिः सावित्री

मूलोक्त ११-संख्यक मन्त्रसे दो यज्ञोपवीत धारण करे (दूसरे समय भी छिन्न उपवीत जलमें फेंककर उक्त मन्त्रसे नवीन उपवीत धारण करे।) तत्पश्चात् स्नातक मूलोक्त १२-संख्यक मन्त्रसे गलेमें माला धारण करे। अनन्तर स्नातक मूलोक्त १३-संख्यक मन्त्रसे चर्मपादुकामें दोनों चरणोंको स्थापित करे। अतःपर स्नातक स्वप्रमाण (अपनी लम्बाईका) बाँसका दण्ड १४-संख्यक मन्त्रसे ग्रहण करे। परित्यक्त कृष्णसार अजिन और यज्ञोपवीत दण्डके ऊपरमें स्थापन करे तत्पश्चात् स्नातक आचार्यके समीप जाकर सगोष्ठी आचार्यको मूलोक्त १५-संख्यक मन्त्रसे दर्शन करे। तदनन्तर स्नातक आचार्यके निकट बैठकर दाहिने हाथकी अंगुलियोंको फैलाकर उसी दाहिने हाथसे मुख आच्छादन कर, मुखसे निकली हुई प्राणवायुका स्पर्शकर मूलोक्त १६-संख्यक मन्त्रका पाठ करे। आचार्य

छन्दः सनातनो देवता मुख्यप्राणस्पर्शने विनियोगः, ॐ ओष्ठापिधाना नकुली, दन्तपरिमितः परिः, जिह्वे मा विह्वलो वाचं, चारु माद्येह वादय'।।१६।। आचार्य्यस्तं पाद्यादिभिरर्च्चयेत्। ततो स्नातको गोयुगसहितस्य रथस्य समीपं गत्वा, पक्षस्-शब्दवाच्यं कूवरबाहुशब्दवाच्यं वा रथावयवद्वयं स्पृशन् अनेन मन्त्रेण पादत्रयेन रथमारोहेत्—'ॐ नारद ऋषिः अनुष्टुप् छन्दः श्रीविष्णु देवता रथाभिमर्षणे विनियोगः, ॐ वनस्पते वीड्वङ्गो हि भूयाः, अस्मत्सखा प्रतरणः सुवीरः, गोभिः सन्नद्धोऽसि वीड़यस्व'।।१७।। ततोऽनेन मन्त्रेण चतुर्थपादेनोपविशति—'ॐ परमेश्वर ऋषिः गायत्री छन्दः श्रीविष्णुः देवता रथोपवेशने विनियोगः, ॐ आस्थाता ते जयतु जेत्वानि'।।१८।। ततः प्राङ्मुख उदङ्मुखो वा स्नातको रथेन गत्वा दक्षिणेन परावृत्याचार्य्यसमीपमागच्छति। आचार्य्यः पुनस्तस्मै पाद्यादिकं दद्यात्। ततो यदि पितैवाचार्य्यस्तदा कर्म्मकारयितृ-पाञ्चरात्रिक-वैष्णवाय, यदि अन्य एव आचार्य्यः कृतस्तदा तस्मै, अन्येभ्यो वैष्णव-ब्राह्मणेभ्यश्च दक्षिणां दद्यात्। ततः कार्ष्णादिवैष्णव-ब्राह्मण

उस समय पाद्यादिके द्वारा स्नातकका अर्चन करें। अनन्तर स्नातक दो बैलोंसे युक्त रथके निकट जाकर पक्ष और कुवर नामक रथके दो अंगोंका स्पर्शकर मूलोक्त १७-संख्यक त्रिपादविशिष्ट मन्त्रसे रथपर आरोहण करे एवं मूलोक्त १८-संख्यक एकपाद विशिष्ट मन्त्रसे रथमें बैठे। तत्पश्चात् स्नातक रथपर चढ़कर पूर्वकी ओर अथवा उत्तर दिशाकी ओर मुखकर कुछ दूर जाकर दक्षिणावर्त्तसे घूमकर आचार्यके निकट आवे। आचार्य पुनः उसे पाद्यादि अर्पण करें। तत्पश्चात् पिता आचार्य होने पर कर्मकारक पांचरात्रिक वैष्णवोंको एवं अन्य आचार्य होनेपर उस आचार्यको एवं दूसरे वैष्णव-ब्राह्मणोंको भी दक्षिणा दें। अनन्तर कृष्णभक्त वैष्णव-ब्राह्मणोंकी

सेवां, जीवसन्तर्पणञ्च कुर्य्यात्। वैगुण्यप्रशमनाय श्रीकृष्णनाम यथाशक्ति जपेत्। दण्डवत् प्रणतिञ्च कुर्य्यात्। इति समावर्त्तनम्।

इति सत्क्रियासार-दीपिका समाप्ता।

सेवा और जीव-सन्तर्पण करें। वैगुण्यका प्रशमन करनेके लिए यथाशक्ति श्रीकृष्णनाम जप करें। श्रीश्रीहरि-गुरु-वैष्णवोंको दण्डवत् प्रणाम करें। इति समावर्त्तन।।

इति सत्क्रियासार-दीपिकाका हिन्दी अनुवाद समाप्त।

श्रीश्रीगुरुगौरांगौ जयतः

संस्कार-दीपिका

(श्रीकृष्णचैतन्यसम्प्रदायानुमोदिता वैष्णव-दशसंस्कारपद्धतिः)

श्रीगौरपार्षदप्रवरेण

श्रीमद्गोपालभट्टगोस्वामिना

कृता

जगद्गुरु ॐ विष्णुपादाष्टोत्तरशतश्री-
श्रीमद्भक्तिसिद्धान्त-सरस्वती-गोस्वामि-प्रभुपादानुकम्पित-
प्रियपार्षदप्रवर-"श्रीगौड़ीय-वेदान्त-समितेः" प्रतिष्ठाता-
नित्यलीलाप्रविष्ट-ॐ विष्णुपाद-अष्टोत्तरशत श्री-
श्रीमद्भक्तिप्रज्ञान-केशव-गोस्वामि-महाराजानुग्रहीत-

त्रिदण्डिस्वामिना
श्रीमद्भक्तिवेदान्त-नारायण-महाराज-
अनुदिता-सम्पादिता च

[सेवानुकूल्यम्—

संस्कार-दीपिकाकी विषय-सूची

विषय	पत्रांक
आश्रमादि निषेध अवैष्णवपर है	२
साम्प्रदायिक और तान्त्रिक वैष्णव	३
गृहीकी संज्ञा	३
संन्यासीकी संज्ञा	३
दशनामी ब्रह्मसंन्यासी	४
परमहंस अवधूतकी महिमा	५
वैष्णवी दीक्षासे विप्रत्व	६
स्त्रियोंका ब्रह्मचर्य आदि आश्रम	१०
शूद्र आदिकी भी संन्यास व्यवस्था	१५
गुरुपरम्परा	१७
संन्यासके विधिवाक्य	१८
संन्यासके संस्कार	१८
क्षौर-संस्कार (१)	२०
तीर्थस्नान (२)	२१
आचमन	२१
करन्यास	२३
अंगन्यास	२३
प्राणायाम	२४
हरिमन्दिर तिलक (३)	२४
विष्णुपञ्जरन्यास	२६
नाम-मुद्राधारण (४)	२७
पंचसंस्कार	२७
कौपीन शुद्धि (५)	२९
प्राणप्रतिष्ठा (६)	३२
कौपीन अधिकारी	३३
संन्यास-प्रार्थना	३५
नामकरण (७)	३७
विष्णुमन्त्रधारण (८)	३७
अच्युतगोत्र स्वीकार (९)	३८
शालग्राम अर्च्चन (१०)	४१
समाधि मन्त्र	४१

श्लोक-सूची

श्लोक	पत्रांक
अ	
अक्षोभ्य जयतीर्थ	१७
अधुना तत् परित्यज्य	४०
अन्त्यजा अपि तद्राष्ट्रे	६
अन्यत्र ब्राह्मणकुलात्	१०, ४१
अपि चेत्सुदुराचारो	७
अवाप्तपञ्चसंस्कारो	२७
अविद्यो वा सविद्यो वा	४
अवैष्णवपरं	२
अमीभिर्निर्मितां	४०
अमी हि पंच संस्काराः	२७
अश्वत्थपत्रसङ्काशं	२५
अष्टमं वामकर्णेऽग्रे	२०
अष्टादशाक्षरस्यैव	२०
अस्माद्धर्मात् परो धर्म्मो	४०
अहं तरिष्यामि	१२
अहोबत श्वपचोऽतः	६
आ	
आ कुर्यादूर्ध्वरेखे	२५
आरभ्य नासिकामूलं	२५
आशीः कुरुत तत्पादे	२१
ऊ	
ऊर्ध्वपुण्ड्रं ललाटे	२५
ए	
एतच्च कौपीनं डोरं	३०
एतदन्यच्च तत्सर्वं	३२
एतद्धर्मं समाश्रितो	३८
एतन्न पूतं मुनिभिः	३४
एतां समास्थाय	१२
एतैर्दशभिः संस्कारैः	२०
एवं न्यासं समाचर्य	२७
एवं परम्पराप्राप्तं	३५
क	
कन्थां वहसि दुर्बुद्धे	१२
कमण्डलुं तथाऽन्यद्वा	३२
काषायरहितं वस्त्रं	३४
कुत्सितं मलिनं वासो	३४
कृत्वा तु तत् प्रयत्नेन	३०
कैश्चिदत्र त्रयः प्रोक्ता	३०
कौपीनं देहि शुद्ध्यर्थं	३५
कौपीनं परिशुध्यन्तु	३१
कौपीनं पृथ्वीरूपोक्तं	३०
कौपीनं ब्रह्मनिर्मितं	३५
कौपीनं युगलं वासः	३१
कौपीनग्रहणेनाहं	३५
कौपीनडोरं सूचीवेधयुक्तं	३४
ग	
गङ्गादिसर्व्वतीर्थानि	३१
गार्हस्थ्यकृत्यसंप्राप्तौ	१
गुञ्जा धात्री च पद्माक्षं	४०
गुणज्ञब्राह्मणो दासः	३७
गृहीतविष्णुदीक्षाको	३३
गोपीभावाश्रितो मन्त्रः	३८
गोपीमृदादिना	२८
ग्रन्थिमध्ये स्थिता विष्णुः	३०
ग्रन्थ्यर्थं मुष्टियुगलं	२६
च	
चण्डालोऽपि मुनिश्रेष्ठो	७

श्लोक	पत्रांक
चतुर्थं चन्दनैर्गात्रे	१६
चतुर्द्दशमुष्टिदीर्घं	३०
चन्दनेनापि संप्रोक्ष्य	३०
ज	
ज्ञाननिष्ठो	१२, ३८
ड	
डोरश्चानन्तरूपोऽसौ	३०
त	
तच्छिष्यान्	१७
तच्छृण्वन् सुपठन्	२८
ततोऽस्नान्नारदः	३५
ततो द्वादशभिः	२४
ततो लक्ष्मीपतिं	१७
तत्प्रक्षालनतोयन्तु	२४
तथा दीक्षाविधानेन	६
तथैवाच्युतगोत्रेण	४०
तपः श्रुतिश्च योनिश्च	६
तमालमूलवच्छिरो	२५
तस्मात् प्राप्तो गौरचन्द्रः	३५
तस्मै देयं प्रयत्नेन	३३
तापः पुण्ड्रं तथा नाम	२७
तापादिदशसंस्कार	३
तापादिपञ्चसंस्कार	३
तापादिपञ्चसंस्कारैः	२०
तापोऽत्र तप्तचक्रादि	२८
तुलसीमालिकोरस्क	३६
तृतीयं हरिमन्दिरं	१६
तेनैव हरिनामादि	२८
तेपुस्तपस्ते जुहुवुः	८

श्लोक	पत्रांक
तेषां दासानुदासोऽहं	३७
तेषां यो धर्मसम्पन्नः	४०
तेषामेकतरं किम्वा	३२
त्यक्तवर्णाश्रमो	४
त्रिविक्रमं कन्धरे	२४
द	
दक्षिणग्रन्थिसंयुक्तं	३०
दम्भाय भक्तिहीनाय	३३
दासो भवामि	२१
दीयतेऽस्मै, दासृ दाने	३७
देवं श्रीकृष्णचैतन्यं	१७
देवमीश्वरशिष्यं	१७
द्वादशाङ्गेषु	२४
ध	
धारयित्वा महायोगी	३५
धारयेच्छयनादौ	२८
न	
न दातव्यं न दातव्यं	३३
न धारयन्ति ये मालां	३६
नवमः चाच्युतगोत्र	२०
नरकान्न निवर्त्तन्ते	३६
न शूद्रा भगवद्भक्ताः	७
नामात्र कथितं सद्भिः	३७
नासादिकेशपर्यन्तम्	२५
नासिकायास्त्रयो भागा	२५
नित्यानन्दपदद्वन्द्वं	३७
निमाञ्याद्याख्यया	१७
निर्मिता गौरदासानाम्	४२
निषेधवचनं यद्यत्	२

श्लोक	पत्रांक
न्यसेत् किरीटमन्त्रञ्च	२७
न्यासप्रकरणे प्राज्ञः	३७
प	
पञ्चमं कौपीनशुद्धिं	१६
पद्मकुट्मलसन्निभं	२५
पालाशं वैणवं	३२
पितृगोत्राद् यथा कन्या	४०
पुण्ड्रं स्यादूर्ध्वपुण्ड्रं	२५
पुरुषोत्तम ब्रह्मण्य	१७
पृष्ठे तु पद्मनाभञ्च	२४
प्रैषेत्युच्चारणात् पूर्वं	३५
ब	
बहिर्व्वासो विष्णुशक्तिः	३०
ब्रह्मचर्य्यादि कृत्ये तु	१
ब्रह्मसंन्यासी ब्रह्मज्ञो	४
ब्रह्मा विष्णुः शिवश्चैव	३०
ब्राह्मणक्षत्रियविशाम्	१
भ	
भावभक्तिजनैर्धार्य्यं	३०
म	
मत्स्यादीनां तथा	२८
मध्ये छिद्रसमायुक्तं	२५
मध्ये विष्णुः विजानीयात्	२५
मस्तकं मुण्डय मुण्डिन्	२०
मां हि पार्थ व्यपाश्रित्य	८
मातृ पितृसमाः	२१
मायातरङ्गे संसारे	३५
मुण्डनं प्रथमं	१६
मैत्रकारुण्यशीलश्च	३३

श्लोक	पत्रांक
य	
यच्छेदष्टादशार्णन्तु	३७
यज्ञोपवीतवत् धार्य्या	३६
यत्र ज्ञानविराग	१४
यथा काञ्चनतां याति	६
यद् गोत्रमाश्रितेनापि	४०
यस्मिन् पारमहंस्यम्	१४
ये कण्ठलग्नतुलसी	३६
ये बाहुमूलपरिचिह्नित	३६
योन्याकृतिधारणेन	३८
ल	
लज्जारूपा भगवती	३०
ललाटादिक्रमेनैव	२५
ललाटे केशवं	२४
व	
वक्षस्थले माधवन्तु	२४
वामपार्श्वे स्थितो	२५
विजितषड्गुणो यस्तु	३३
विष्णुञ्च दक्षिणे कुक्षौ	२४
वैष्णवस्तु द्विधा प्रोक्तः	३
वैष्णवोऽहं	४
वैष्णवो भक्तिमान्यासी	४
श	
शरीरत्राणकामो	३१
शालग्रामार्च्चनं	२०
शिखा यज्ञोपवीतं	१२
शूद्रजातिविदूरस्य	८
शौनकादिऋषिः	३५
श्रद्धा मे कृष्णचैतन्य	२०

श्लोक	पत्रांक
श्रीकृष्णतोषमात्रार्थं	३८
श्रीकृष्णप्रेमदानेन	१७
श्रीकृष्ण-ब्रह्म-देवर्षि	१७
श्रीकृष्णसेवी विप्रस्तु	३७
श्रीकृष्णोपासकानान्त	२८
श्रीगुरुं पूजयित्वा	१७
श्रीगोपीचन्दनेनैव	२८
श्रीचैतन्य दयासिन्धो	२१
श्रीधरं वामबाहौ	२४
श्रीविद्यानिधि-राजेन्द्र	१७
श्रीमद्भागवतं पुराणममलं	१४
श्रीमध्व-श्रीपद्मनाभ	१७
श्रीमन्नारायणाख्यस्य	२८
श्रीलाद्वैतं गदाधरं	१७
स	
संप्राप्य वैष्णवीं दीक्षां	६
संस्कारदीपिकानाम्नी	४२
संस्कारभेदसम्प्राप्त्या	२०
संस्कारादिविहीनत्वात्	२
संस्कारवान् कारयेद्	१७
स कस्माद् ब्रह्मचर्य्यादि	२
सनत्कुमारतन्त्रोक्त	३७
सन्न्यासधर्म्महीनस्तु	४०

श्लोक	पत्रांक
सन्न्यासी च द्विधैवादौ	४
सप्तमं हरिदासादि	२०
समारभ्य भ्रुवोर्मूलं	२५
सम्प्रदायी द्विभेदः स्यात्	३
सर्व्वत्रास्थलितादेशः	१०, ४१
सर्व्ववर्णेषु ते शूद्रा	१३
सर्व्वे विधिनिषेधाः	६
सलिङ्गानाश्रमांस्त्यक्ता	२४
स लोकपावनो	२८
साक्षात्कृत्य हरिं	२७
साधुरेव स मन्तव्यः	८
सामान्यस्तान्त्रिको ज्ञेयो	३
सोमः शुक्रः सुराचार्यः	३०
स्तनात् स्तनान्तरं	२६
स्त्रियो वैश्यास्तथा	८
स्त्री-शूद-द्विजबन्धुनाम्	१
स्वसुखोत्पादिका भक्तिः	४०
स्मर्त्तव्यः सततं	६
ह	
हरिदासादिकमिति	३७
हरिनामाक्षरैः	२८
हरिभक्तिविहिनश्च	७
हरिमन्दिरमित्येवं	२५

श्रीश्रीकृष्णचैतन्यचन्द्राय नमः

सत्क्रियासार-दीपिका-परिशिष्टे

संस्कार-दीपिका

गार्हस्थ्यकृत्यसंप्राप्तौ नरमात्राधिकारिता।
ब्रह्मचर्य्यादिकृत्ये तु त्रैवर्णिकमपेक्ष्यते।।१।।
ब्राह्मणक्षत्रियविशामाश्रमो विधिबोधितः।
स्त्री-शूद्र-द्विजबन्धूनामाश्रमः प्रतिषेधितः।।२।।

वैराग्यविद्या-निजभक्तियोग-शिक्षार्थमेकः पुरुषः पुराणः।
श्रीकृष्णचैतन्य-शरीरधारी कृपाम्बुधिर्यस्तमहं प्रपद्ये।।
तस्य पादाब्जमधुपं गोपालभट्टदेशिकम्।
संस्कार-दीपिकाग्रन्थकर्त्तारं प्रणमाम्यहम्।।

श्रीकृष्णचैतन्य महाप्रभुके साक्षाद् कृपापात्र श्रीवेंकट भट्टके पुत्र श्रीमद्गोपालभट्ट गोस्वामी महोदयने अपने प्रभुवर श्रीचैतन्य महाप्रभुकी आज्ञासे 'सत्क्रियासार-दीपिका' नामक पुस्तिकाकी रचनाकर गौड़ीय वैष्णवोंको प्रदान की है। इस दीपिकाके प्रथम भागमें गृहस्थ-वैष्णवोंके सभी स्मार्त्त पद्धतियों अर्थात् संस्कारादि पद्धतियोंको लिपिबद्ध किया है। द्वितीय भागमें अर्थात् परिशिष्टके 'संस्कार-दीपिका' नामक ग्रन्थमें गृहत्यागी वैष्णवोंके भिक्षुक आश्रमके सम्बन्धमें जो कुछ ज्ञातव्य है, उसको संक्षेपमें लिखा है। श्रीमन्महाप्रभुके समयसे आज तक भिक्षुक आश्रमके महापुरुषगण इसी ग्रन्थके अनुसार समस्त कार्योंका अनुष्ठान करते आ रहे हैं। आचार्यवर भट्टगोस्वामीका यह ग्रन्थ प्रकाशित होनेपर और किसी प्रकारकी अज्ञानतासे त्रुटि रहनेकी कोई सम्भावना नहीं रहेगी, ऐसी आशा करता हूँ।

गृहस्थाश्रममें मनुष्यमात्रका अधिकार है; किन्तु ब्रह्मचर्य, वानप्रस्थ और संन्यास—इन तीनों आश्रमोंके कर्त्तव्यके विषयमें ब्राह्मण, क्षत्रिय और

संस्कारादिविहीनत्वात् शुचनात् शूद्र उच्यते।
स कस्माद् ब्रह्मचर्य्यादि-संस्कारादिकमर्हति।।३।। (इति)
निषेधवचनं यद्यद् पुराणे श्रूयते स्फुटम्।
अवैष्णवपरं तत्तद्विज्ञेयं तत्त्ववादिभिः।।४।।

वैश्य—इन तीन वर्णोंकी अपेक्षा रहती है अर्थात् उक्त तीन आश्रमोमें तीन वर्णोंका ही अधिकार है ।।१।।

ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य इनका आश्रम अधिकार शास्त्र विहित है। स्त्री, शूद्र और द्विजबन्धु अर्थात् पतित ब्राह्मणोंका आश्रम अधिकार शास्त्रोंमें निषिद्ध है ।।२।।

शूद्र संस्कारादि-रहित होता है तथा ज्ञानके अभावमें सर्वदा शोकके वशीभूत रहता है, इसलिए उसे शूद्र कहा जाता है। वैसा शूद्र किस प्रकारसे ब्रह्मचर्यादिमें तथा संस्कारादिमें अधिकार पानेके लिए योग्य हो सकता है ? ।।३।। (१ से ३ श्लोक पर्यन्त पूर्व पक्ष है)।

(उक्त पूर्वपक्षके उत्तरमें कहा जा रहा है)—शूद्रके आश्रमाधिकारादिके सम्बन्धमें जो निषेध-वाक्य पुराणादि शास्त्रोंमें देखे-सुने जाते हैं शास्त्रतात्पर्यविचारपरायण तत्त्ववादीगण उन सबको स्पष्ट रूपसे ही अवैष्णवोंके लिए समझेंगे। अर्थात् ये सारे निषेधवाक्य अवैष्णव शूद्रोंके सम्बन्धमें ही कहे गये हैं, ऐसा समझना चाहिए। शूद्र कुलमें उत्पन्न पुरुष या स्त्री यदि किसी सौभाग्यसे शुद्ध अनन्य भक्ति प्राप्त हो, तो उसके सम्बन्धमें ये निषेध-वाक्य समूह प्रयोज्य नहीं है। शूद्र स्वभावतः मूर्ख, अतत्त्वज्ञ एवं शोकाविष्ट होते हैं। यदि कोई किसी सौभाग्यसे यथार्थ साधुसंगके प्रभावसे ब्रह्म-धर्मस्वभाव लाभ करता है, तब वह शूद्र नहीं है। यही सिद्धान्त पुराणादि शास्त्रोंके 'न शूद्रा भगवद्भक्ता' इत्यादि हजारों-हजारों वचनों तथा सत्यकाम-जावालि आदि वैदिक आख्यानोंके द्वारा स्थिरीकृत हुआ है (१) । सत्क्रियासार-दीपिकामें गृहस्थ आश्रमसे संन्यास

---

(१) इस विषयमें विस्तृत विचार 'गौड़ीय कण्ठहार' ग्रन्थके १४वें रत्नके अन्तर्गत 'वर्णधर्मतत्त्वमें' द्रष्टव्य है।

वैष्णवस्तु द्विधा प्रोक्तः,—सामान्यः, साम्प्रदायिकः।
सामान्यस्तांत्रिको ज्ञेयो, वैदिकः साम्प्रदायिकः।।५।।
सम्प्रदायी द्विभेदः स्यात्—गृहि-न्यासि-प्रभेदतः।
तापादि-पञ्चसंस्कारग्रहणाद् गृही संज्ञितः।
तापादि-दशसंस्कारसम्पन्नो न्यासी सम्मतः।।६।।

तक जो उत्तरोत्तर उन्नत क्रम दिखलाया गया है, उसमें केवल अनन्य भक्तोंका ही संन्यास ग्रहणमें सम्पूर्ण अधिकार प्रदर्शित हुआ है। इसलिए ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य या अन्त्यज कुलमें उत्पन्न कोई भी पुरुष संन्यास धर्म ग्रहणकी योग्यता प्राप्त होनेपर वह गृह त्यागकर सकता है। उक्त योग्यता प्राप्त होने तक सभीके लिए गृहस्थाश्रममें वैष्णव रहना ही कर्त्तव्य है।।४।।

इस संसारमें वैष्णव दो प्रकारके हैं—'सामान्य' और 'साम्प्रदायिक'। 'सामान्य'—वैष्णव उत्तमगुरु अर्थात् सद्गुरुके अभावमें 'तान्त्रिकके' रूपमें परिचित होता है। 'साम्प्रदायिक'-वैष्णवगण सद्गुरु-परम्पराका आश्रयकर आचार्यके बलसे 'वैदिक' होते हैं। अर्थात् वे सात्त्वत-तन्त्रके मतानुसार श्रीराधाकृष्णकी उपासना करनेपर भी वैदिकतत्त्वके ज्ञानके बलसे वैदिक कहलाते हैं।।५।।

सत्सम्प्रदायी वैष्णव गृही और संन्यासी भेदसे दो प्रकारके होते हैं। जो दैववर्णाश्रममें तापादि पञ्चसंस्कारोंके माध्यमसे दीक्षित होकर अनन्य कृष्णोपासक होते हैं, वे गृही हैं और जो लोग दैव-वर्णाश्रममें तापादि दस संस्कारोंसे सम्पन्न होकर अनन्य कृष्णोपासक चतुर्थाश्रमी होते हैं, वे संन्यासी कहलाते हैं।।६।।

संन्यासी भी प्रथमतः दो प्रकारके होते हैं—ब्रह्म-संन्यासी और विष्णु-संन्यासी। मायावाद ग्रहणकर निर्विशेष-ब्रह्मज्ञान परायण दशनामी संन्यासीगण-ब्रह्म-संन्यासी हैं। भक्तिमार्गका अवलम्बनकर सदासर्वदा विष्णु सेवामें परायण रहनेवाले संन्यासीगण—वैष्णवसंन्यासी या विष्णु संन्यासी कहलाते हैं।।७।।

सन्न्यासी च द्विधैवादौ-ब्रह्म-विष्णु-पुरःसरः।
ब्रह्मसन्न्यासी ब्रह्मज्ञो दशनामा (+) प्रसिध्यति।
वैष्णवो भक्तिमान्न्यासी सदा विष्णुपरायणः।।७।।
अविद्यो वा सविद्यो वा ब्राह्मणो मामकी तनूः
वैष्णवोऽहं गुरुरहमनन्यो मत्परायणः।
त्यक्तवर्णाश्रमोऽनन्यस्त्यक्तस्तद्धर्म एव सः।।८।। •

भगवान्ने कहा,—"ब्राह्मण विद्यासे युक्त हो अथवा विद्यासे विहीन ही हो, वे मेरे 'देह' स्वरूप हैं; अनन्य मत्परायण वैष्णव-गुरु—मैं हूँ, अर्थात् अनन्य रूपसे मेरे परायण वैष्णव-गुरु मेरे आत्मा स्वरूप हैं और जिन्होंने मेरे लिए ही वर्णाश्रम और वर्णाश्रमधर्मका त्यागकर दिया है, वे अनन्य हैं।"

यहाँ ब्राह्मण और वैष्णवोंका प्रभेद जान लेना आवश्यक है। अविद्याके कारण ही जीवोंका यह संसार है, विद्याके द्वारा ही जीवोंकी संसार मुक्ति है। संसारी ब्राह्मण वेद ज्ञानके द्वारा अलंकृत होकर संसारी जगतमें गुरुके रूपमें सम्मानित होता है। संन्यास ग्रहण करनेपर भी उसमें वर्णका अभिमान कुछ-कुछ अवशिष्ट रहता है; अतः वह विशुद्ध आत्म-स्वरूपमें अवस्थित रहनेके लिए समर्थ नहीं है। इसीलिए ब्राह्मण भगवान्के शरीरके रूपमें ग्राह्य होनेपर भी अधिकांश स्थानमें वह वैष्णव नहीं हो पाता। किन्तु अनन्य भगवत्परायण भक्त जिस किसी भी वर्णमें उत्पन्न होनेपर भी सभी जीवोंका गुरु एवं भगवान्का आत्मस्वरूप है। वैसे भगवद्भक्त

(+) तीर्थाश्रम-वनारण्यगिरि-पर्व्वत-सागराः।
सरस्वती भारती च पुरी नामानि वै दश।।

• आदि पुराणमें यथा,—अहमेव द्विजश्रेष्ठ नित्यं प्रच्छन्नविग्रहः। भगवद्भक्तरूपेण लोकान् रक्षामि सर्व्वदा।। अर्ज्जुनके प्रति श्रीकृष्णका वाक्य,—जगतां गुरवो भक्ता भक्तानां गुरवो वयम्। सर्व्वत्र गुरवो भक्ता वयञ्च गुरवो यथा।।

अत्र ब्राह्मणमात्रस्य शरीरत्वेन निर्द्देशात् गुरुवैष्णवयोस्त्यक्त-वर्णाश्रमयोरुदासीनसंन्यासी-परमहंसावधूतयोरात्मस्वरूपत्वेन निर्द्देशो महत्त्वमर्य्यादया स्वयं भगवतैव कृत इत्यतो गृहि-वैष्णवादप्यनयोर्वर्णचिह्नणधर्म्मत्यागेन, सन्न्यासगतचिह्नणादि-त्यागेनावधूतपरमहंसस्य च महन्माहात्म्यं सूचितम्।।६।।

वर्णाश्रम-धर्मको अर्थात् समस्त मायिक अभिमानको भगवान्के लिए ही सर्वतोभावेन परित्यागकर चुके होते हैं। ब्राह्मणताके साथ सद्धर्मका संयोग होनेपर ब्राह्मणकी श्रेष्ठता या उच्चता सिद्ध होती है और ब्राह्मणत्वके अभिमानको छोड़कर सद्धर्म ग्रहण करनेसे वैष्णवता प्राप्त होती है। इसलिए सभी वर्णोंसे पारमार्थिक ब्राह्मणता या वैष्णवता प्राप्त की जा सकती है।।८।।

यहाँ पर ब्राह्मण-मात्रका भगवान्के शरीरके रूपमें निर्देश रहनेके कारण स्वयं भगवान्ने ही वर्णाश्रम धर्मका परित्याग किये हुए उदासीन संन्यासी और परमहंस अवधूत गुरु-वैष्णवोंके महत्वकी मर्यादा प्रदानपूर्वक उनको अपना आत्मस्वरूप बतलाया है; इसलिए वर्णके चिह्नको परित्याग करनेके कारण अवधूत परमहंसकी परम महत्ता सूचित हुई।।६।।

सत्क्रियासार-दीपिकामें कहे गये लक्षणोंसे युक्त वैष्णव-ब्राह्मणादि मानव जातिमें श्रेष्ठ हैं। उसमें वैष्णव-ब्राह्मण भगवान्के शरीर विशेष हैं—यह निश्चित है। शरीर कहनेसे बाह्य सम्मान समझना होगा। जो गृहस्थ-वैष्णव अधिकारी होकर वर्णचिह्न त्यागपूर्वक संन्यासी होंगे, वे वर्णी ब्राह्मणोंकी अपेक्षा अनन्त गुण श्रेष्ठ हैं और जो संन्यास धर्मका आचरण करते-करते अधिकार लाभकर संन्यास-चिह्नको भी परित्याग कर परमहंस-अवधूत होंगे, वे भगवान्को और भी अधिक प्रिय होंगे, ऐसा समझना चाहिए। समस्त वर्णोंमें ब्राह्मण श्रेष्ठ हैं, साधारण विप्रसे विद्वान वैष्णव-ब्राह्मण अधिकतर श्रेष्ठ है, प्राप्त अधिकार संन्यासी गृही वैष्णव-ब्राह्मणसे श्रेष्ठ है और परमहंस अवधूत सबसे अधिक श्रेष्ठ हैं। कृष्ण-भक्तिके तारतम्यसे ही श्रेष्ठताका तारतम्य समझना चाहिए।

यथा काञ्चनतां याति कांस्यं रसविधानतः।
तथा दीक्षाविधानेन द्विजत्वं जायते नृणाम्।।१०।।
अन्त्यजा अपि तद्राष्ट्रे शङ्खचक्रादिधारिणः।
संप्राप्य वैष्णवीं दीक्षां दीक्षिता इव संवभुः।।११।।
तपः श्रुतिश्च योनिश्च त्रयं ब्राह्मणकारणम्।।१२।।

जिस प्रकारसे काँसा रासायनिक प्रक्रिया द्वारा (किसी रसके संयोगसे) सोना बन जाता है, उसी प्रकार (सद्गुरुसे पाञ्चरात्रिकी) दीक्षा विधानके द्वारा (किसी भी वर्णका) नरमात्रका विप्रत्व साधित होता है।।१०।।

उनके (उस भक्त राजाके) राज्यमें अन्त्यजगण शंख, चक्र, चिह्नादि धारणपूर्वक वैष्णवी दीक्षा प्राप्त होकर दीक्षित ब्राह्मणोंकी भाँति सुशोभित हुए थे।।११।।

इस पुराण वाक्यसे यह प्रमाणित होता है कि किसी भी वर्णमें उत्पन्न अथवा अन्त्यज व्यक्ति भी ब्रह्मस्वभाव लाभकर वैष्णव-सद्गुरुके निकट पंचसंस्कारोंके द्वारा दीक्षित होने पर संन्यास ग्रहण करनेमें दीक्षित ब्राह्मणोंके सहित समान अधिकार लाभ करते हैं।

तपस्या, श्रुति अर्थात् वेदज्ञान एवं योनि अर्थात् ब्राह्मण कुलमें जन्म—ये तीन ब्राह्मणत्वके साधारण कारण हैं। अर्थात् उक्त तीन लक्षणोंसे युक्त व्यक्ति ही साधारणतः ब्राह्मण है।।१२।।

यह साधारण ब्राह्मण चारों वर्णोंका गुरु है। वही ब्राह्मण वैष्णवी दीक्षा प्राप्त होनेपर द्विजत्व लाभ करता है। वैसे द्विजमें यदि वैराग्य धर्मका उदय हो, तो वह संन्यास धर्मका अधिकारी होता है। ब्राह्मण कुलमें जन्म नहीं होनेपर भी जो सौभाग्यसे ब्राह्मणत्व लाभ करते हैं, वे ही परमार्थ विचारसे ब्राह्मण हैं। महाभारतके वनपर्वमें तथा श्रीमद्भागवतके सप्तम स्कन्धमें, मनु स्मृति, जावालोपनिषद् और वज्रसूचिकोपनिषद्के वचनोंपर विचार करनेपर यह संपूर्णरूपसे प्रमाणित होगा। विशेषतः कलिकालमें शुद्ध योनि लक्षणकी संभावना नहीं है। इसलिए ब्राह्मणत्वके निरूपणमें तप और श्रुतिज्ञानको प्रधान लक्षण स्वीकार नहीं किये जाने

न शूद्रा भगवद्भक्तास्तेऽपि भागवतोत्तमाः।
सर्व्ववर्णेषु ते शूद्रा ये न भक्ता जनार्द्दने।।१३।।
चण्डालोऽपि मुनिश्रेष्ठो हरिभक्तिपरायणः।
हरिभक्तिविहीनश्च द्विजोऽपि श्वपचाधमः।।१४।। +

पर वह ब्राह्मणत्व शास्त्र सम्मत नहीं है। इसलिए शूद्र कुलमें पैदा होनेवाला व्यक्ति निष्कपट और उत्तम भगवद्भक्ति लाभ करनेपर भागवतोत्तम हो सकता है। ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य आदि सभी वर्णोंमें जो लोग भगवद्भक्त नहीं हैं, वे सभी शूद्र हैं।।१३।।

हरिभक्तिसे युक्त चाण्डाल व्यक्ति भी श्रेष्ठ मुनि है, किन्तु ब्राह्मण कुलमें पैदा होनेपर भी हरिभक्ति विहीन होनेपर वह चाण्डालसे भी अधम होता है।।१४।।

यहाँ पूर्वपक्ष उठनेकी सम्भावना है,—केवल जन्म आदिके द्वारा ही ब्राह्मणादि निरूपण तथा संन्यासादिका अधिकार विचार करनेकी प्रथा बहुत प्राचीन कालसे चली आ रही है। अन्यथा सद्वंशमें जन्म लाभ करनेके कारण जो सदाचार वंशानुक्रमसे प्राप्त होते हैं अथवा जिनको लाभ करनेकी सम्भावना रहती है, अकस्मात् बने ब्राह्मण और संन्यासी व्यक्तिमें वैसे सदाचारकी सम्भावना कैसे हो सकती है ? इसके उत्तरमें स्वयं भगवान्ने कहा है—सर्वत्र ही यथार्थ साधुकी महिमा अधिक बतलायी गयी है; वंशगत सदाचार लाभ करनेपर भी यदि हृदयमें भगवद्भक्तिका लेश नहीं रहे तो उसका फल ही क्या है ? भगवद्भक्ति ही जीवोंके साधुत्वका एकमात्र लक्षण है। जो लोग अनन्य भगवद्भक्ति परायण हैं, वे ही साधु हैं। सदाचारकी शिक्षा लाभ करनेपर भी बहुतसे व्यक्ति कपटतापूर्वक ऊपरसे भक्ति दिखलाकर भी भक्ति-शून्य रह सकते हैं। इसलिए समस्त सदाचारके रहनेपर भी यदि किसी व्यक्तिका हृदय भगवद्भक्तिसे शून्य रहे तो, उसे किसी भी प्रकारसे साधु नहीं कहा जा सकता।

दूसरी ओर असद्वंशमें जन्म ग्रहण करनेके कारण अत्यन्त दुराचारी

+ "विप्राद्द्विषड्गुणयुतात् ...... भूरिमानः"।। (भा. ७/६/१०)

अपिचेत्सुदुराचारो भजते मामनन्यभाक्।
साधुरेव स मन्तव्यः सम्यक् व्यवसितो हि सः।।१५।।
मां हि पार्थ व्यपाश्रित्य येऽपि स्युः पापयोनयः।
(स्त्रियो वैश्यास्तथा शूद्रास्तेऽपि यान्ति परां गतिम्)।।१६।। •
शूद्रजाति-विदुरस्याश्रमान्तरं हि दृश्यते।।१७।।
अहोवत श्वपचोऽत गरीयान् यज्जिह्वाग्रे वर्त्तते नाम तुभ्यम्।
तेपुस्तपस्ते जुहुवुः सस्नुरार्य्या ब्रह्मानूचुर्नाम गृणन्ति ये ते।।१८।।

व्यक्ति भी (सद्वंशसुलभ सामाजिक और शारीरिक आचार-विषयमें अत्यन्त हीन व्यक्ति भी) यदि अनन्य चित्त होकर मेरा भजन करता है, तो उसे साधु ही समझना चाहिए। क्योंकि—वह सर्वतोभावेन व्यवसित अर्थात् सुविचारित और सुनिश्चित सिद्धान्तमें प्रतिष्ठित हो गया है।।१५।।

जो लोग अनन्य भक्तिके द्वारा सर्वदा भगवद्दास्यमें नियुक्त हैं, उनमें किसी प्रकार स्मार्त्त दृष्टिसे असदाचार रहनेपर भी वह भक्तिहीन कपट सदाचारीकी अपेक्षा अनन्त गुण श्रेष्ठ और साधु है। उसका व्यवसाय सर्व प्रकारसे सुन्दर है—ऐसा समझना चाहिए।

इसलिए भगवान्ने कहा है,—हे अर्जुन ! जो पाप जातिके लोग (स्त्री, वैश्य, शूद्र और अन्त्यज) भी यदि अनन्य भावसे मेरा आश्रय ग्रहण करते हैं, तो वे परम गतिको प्राप्त होते हैं।।१६।।

शूद्र कुलमें उत्पन्न भक्त विदुरकी भी गृहास्थाश्रमसे अवधूत आश्रमकी प्राप्ति देखी जाती है।।१७।।

अहो ! जिस चाण्डालकी जिह्वाके अग्रभागमें आपकी प्रीतिके लिए ही आपका नाम निरन्तर विराजमान रहता है, वह इसी कारणसे अत्यन्त श्रेष्ठ है (ब्राह्मणोंसे भी अधिक श्रेष्ठ है)। जो लोग आपका नाम कीर्त्तन

• भक्त्याहमेकया ग्राह्यः श्रद्धयात्मा प्रियः सताम्।
भक्तिः पुनाति मन्निष्ठा श्वपाकानपि सम्भवात्।। (भा.११/१४/२१)

स्मर्त्तव्य सततं विष्णुर्विस्मर्त्तव्यो न जातुचित्।
सर्व्वे विधिनिषेधाः स्युरेतयोरेव किङ्कराः।।१६।।

करते हैं, वे सभी आर्य अनुष्ठान अर्थात् सभी प्रकारकी तपस्या, सभी यज्ञ, सभी तीर्थोंमें स्नान, सम्पूर्ण वेदाध्ययन आदि पहले ही समाप्त कर चुके हैं।।१८।।

सब समय श्रीविष्णुका स्मरण करें, कभी भी श्रीविष्णुका विस्मरण न करें—यही शास्त्रोंके दो मुख्य विधि और निषेध हैं। शास्त्रोंके अन्यान्य सारे विधि-निषेध इन्हीं दोनों मुख्य विधि-निषेधके किंकर हैं।।१६।।

शास्त्रोंके अर्थ दो प्रकारके होते हैं—एक बाह्य और दूसरा निगूढ़। जो निगूढ़ तात्पर्य ग्रहण करनेमें समर्थ हैं, वे सारग्राही होते हैं; किन्तु जो लोग केवल वेद शास्त्रोंके ऊपरी अर्थ लेनेमें व्यस्त रहते हैं; वे भारवाही कहलाते हैं। कृष्ण-भक्ति ही समस्त वेदोंका निगूढ़ तात्पर्य है। वर्णाश्रम आदि समस्त अर्थ ही बाह्य है। जगतमें भारवाही लोग ही अधिक हैं। इसलिए साधारण लोगोंके निकट बाह्य अर्थ ही प्रबल है। इसके अतिरिक्त उनकी कोई गति नहीं है। निष्ठाके सहित बाहरी अर्थोंका अनुसरण करनेसे क्रमशः सारग्राही होनेकी योग्यता उदित होती है। इसलिए भारवाही लोगोंके लिए बाह्यार्थ प्राधान्य आश्रयपूर्वक जिन सब दान, व्रत, होम आदि कार्योंकी व्यवस्था दी गयी है, वे सारी व्यवस्थाएँ केवल तत्तत् अधिकारीके लिए आवश्यक एवं आदरणीय हैं। तथापि सारग्राही-प्रवृत्तिके उदय होनेके साथ-ही-साथ उन कार्योंके प्रति स्वभावतः आदर कम हो जाता है। भारवाही लोगोंके लिए धर्म-शास्त्रोंमें जो विधि और निषेधकी व्यवस्था देखी जाती है, उसका मूल तात्पर्य एकमात्र कृष्ण भक्तिसे है। उसका गूढ़ तात्पर्य यह है कि श्रीकृष्णकी स्मृति निरन्तर बनी रहे तथा कृष्णकी विस्मृति कभी भी न हो। सारग्राही व्यक्ति इसी निगूढ़ तात्पर्यको सब समय स्मरण रखेंगे। भारवाही लोगोंके द्वारा उत्तेजित किये जाने पर भी वे कभी भी कृष्णको न भूलें। इसलिए जिस किसी भी वर्णमें जन्म क्यों न हो, यदि किसी सौभाग्यसे किसी व्यक्तिके हृदयमें सारग्राही-प्रवृत्तिके

सर्व्वत्रास्खलितादेशः सप्तद्वीपैकदण्डधृक्।
अन्यत्र ब्राह्मणकुलादन्यत्राच्युतगोत्रतः।।२०।।

अतएव श्रीभगवद्दीक्षादिना स्वरूपतो द्विजत्वादिसम्भवात् गेहादौ वैराग्येण विष्णुसन्न्यासाच्युतगोत्रादिकं सिद्धमेव। तत्तच्चिह्नत्यागेनावधूतपरमहंसादित्वमपि सिद्धमित्यविरुद्धम्। एवम्प्रकारेण श्रीहरिभक्तिविलासकृद्भिः श्रीशालग्रामसेवनादौ दत्ताधिकाराणां मध्ये स्त्रीणामपि कौपीनं विना सम्प्रदायि वैष्णव-करणसुविज्ञेन गुरुणादत्त-बहिर्व्वासवद्-भेकाङ्गभूतचीरखण्ड-युग्मवसनादिधारणेन ब्रह्मचर्य्याद्याश्रमादिकमप्यविरोधसिद्ध-मिति ।।२१।।

उदय होनेपर कृष्ण-भक्ति उदित होती है; उस समय उसमें शास्त्र तत्त्वोंकी विद्वत् प्रतीति उदित हो गयी है—ऐसा समझना चाहिए। उस समय विद्वत्ब्राह्मणता, विद्वत्संन्यास, विद्वत्परमहंसता आदि अवस्थाएँ स्वयं उपस्थित हो जाती हैं।

सप्तद्वीपा वसुन्धराका एकमात्र शासनदण्ड धारण करनेवाले वैष्णव महाराजका आदेश ब्राह्मणों और अच्युतगोत्रीय पुरुषोंके अतिरिक्त दूसरे लोगोंके लिए सर्वदा अलंघित था अर्थात् दूसरा कोई भी उनके आदेशका उल्लंघन नहीं कर सकते थे।।२०।।

अतएव पाञ्चरात्रिकी दीक्षा-विधानके अनुसार सद्गुरुसे भगवन्नाम मन्त्रमें दीक्षादि ग्रहणके द्वारा स्वरूपतः विप्रत्वादिकी प्राप्ति हो जाती है, वैसे दैक्ष-ब्राह्मणका घर-बारसे वैराग्य होनेपर विष्णु-संन्यास और अच्युत-गोत्रादि सिद्ध हो जाता है। अनन्तर वह संन्यास चिह्नादि परित्यागपूर्वक अवधूत, परमहंसत्वादि अवस्थाको प्राप्त करता है। यह सब प्रकारसे सुसंगत है। इस प्रकार हरिभक्तिविलासके लेखकके द्वारा जिन लोगोंको श्रीशालग्राम—सेवादिका अधिकार दिया गया है, उनमेंसे स्त्रियोंको भी साम्प्रदायिक-वैष्णवता-सम्पादनमें सुविज्ञ गुरुदेव बहिर्वासकी भाँति भेक

यथा श्रीमहाप्रभोः पार्षदस्य श्रीदामोदरस्य शिखासूत्रत्यागेन कौपीनधारणेन च (किन्तु) योगपट्टं विना संन्यासेन स्वरूपाख्या अभूत्। यथा श्रीमाधवीवैष्णवी अपीति। एवं श्रीमन्नित्यानन्देन प्रभुणा स्वयमेव श्रीरघुनाथदासगोस्वामिने कौपीनादिकं दत्तमिति।।२२।। किञ्च,—

(वेष) के अंगीभूत दो खण्ड चीर-वस्त्र प्रदान किया करते हैं। इस प्रकार दोनों चीर-खण्डोंको धारणके द्वारा स्त्रियोंको भी ब्रह्मचर्य आदि आश्रम सुसंगत सिद्ध है—इसमें तनिक भी सन्देह की बात नहीं है।।२१।।

जैसे श्रीमन्महाप्रभुके परिकर श्रीदामोदरका योगपट्टके बिना शिखासूत्र परित्याग और कौपीन धारणके द्वारा ही संन्यास ग्रहण करनेपर 'स्वरूप' नाम हुआ था। जैसे श्रीमाधवी वैष्णवीने गृहमें रहकर भी दो चीरखण्ड धारणपूर्वक संन्यास ग्रहण किया था। उसी प्रकार श्रीनित्यानन्द प्रभुने श्रीरघुनाथ दास गोस्वामीको स्वयं कौपीन इत्यादि प्रदान किया था।।२२।।

श्रीचैतन्यचरितामृतमें श्रीस्वरूप दामोदरके सम्बन्धमें ऐसा लिखा है—

संन्यास करिला शिखासूत्र त्यागरूप।
योगपट्ट ना निल, नाम हैल 'स्वरूप'।।

श्रीमाधवी देवीके सम्बन्धमें—

माहितिर भगिनी नाम-माधवी देवी।
वृद्धा तपस्विनी आर परमा वैष्णवी।।
प्रभु लेखा करे जारे राधिकार 'गण'।
जगतेर मध्ये 'पात्र'-साढ़े तीन जन।।
स्वरूप गोसाई, आर राय रामानन्द।
शिखि माहिति तीन, ताँर भगिनी अर्द्ध जन।।

इन दृष्टान्तोंसे ऐसा समझना होगा कि अधिकारी ब्राह्मण, अधिकारी स्त्रियाँ, कायस्थ आदि सभीका भिक्षुक आश्रममें अधिकार है और वे संन्यास ग्रहणकर सकते हैं।

एतां समास्थाय परात्मनिष्ठामुपासितां पूर्व्वतनैर्महर्षिभिः।
अहं तरिष्यामि दुरन्तपारं तमो मुकुन्दाङ्घ्रिनिषेवयैव।।२३।।
ज्ञाननिष्ठो विरक्तो वा मद्भक्तो वाऽनपेक्षकः।
सलिङ्गानाश्रमांस्त्यक्त्वा चरेदविधिगोचरः।।२४।।
एतामिति कौपीनकन्थादिरूपाम्।
श्रीशङ्कराचार्यं प्रति यथोक्तमुदयनाचार्य्येण,—
कन्थां वहसि दुर्बुद्धे गर्द्दभैरपि दुर्व्वहाम्।
शिखा यज्ञोपवीतं ते कस्माद् भारायते वद।।२५।।

मैं अति प्राचीन महर्षियोंके द्वारा उपासित परमात्म निष्ठारूप संन्यासधर्मका अवलम्बनकर श्रीकृष्णके चरणकमलोंकी सेवाके द्वारा इस दुरन्तपार तमः अर्थात् संसार-समुद्रसे उत्तीर्ण होऊँगा।।२३।।

ज्ञाननिष्ठ विरक्त पुरुष हों अथवा परम निरपेक्ष रहनेवाले मेरे भक्त हों, वे आश्रमचिह्न-सहित समस्त आश्रमोंको छोड़कर अविधिगोचर अर्थात् विधिके अतीत होकर विचरण करेंगे।।२४।।

